दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



आखों का नूर होती हैं बेटियां.....
आपके लिए बहुत जरूरी है सीखना .....

वर्ष : 10 | अंक : 277 | लखनऊ, 18 सितम्बर, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन पर लगाई रोक

बिना इजाजत नहीं होगा बुलडोजर एक्शन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सरकार के बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट से बड़ी खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने देश में 1 अक्टूबर तक बुलडोजर एक्शन पर लगाई रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि सुनवाई की अगली तारीख 1 अक्टूबर तक भारत में कहीं भी अदालत की अनुमति के बिना संपत्ति का विध्वंस नहीं होगा। लेकिन स्पष्ट किया कि यह आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर किसी भी अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच का ये निर्देश अलग-अलग राज्य सरकारों की ओर से दंडात्मक उपाय के तौर पर आरोपी व्यक्तियों की इमारतों को ध्वस्त करने की कार्रवाई के खिलाफ लगी याचिका पर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश देते हुए कहा कि 1 अक्टूबर तक बिना हमारी अनुमति के देश में कहीं पर भी बुलडोजर एक्शन नहीं होगा।

याचिकाकर्ता जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया है कि बीजेपी शासित राज्यों में मुसलमानों को निशाना बनाकर बुलडोजर एक्शन लिया जा रहा है। इससे पहले आरोपियों के खिलाफ सजा देने के तौर पर इस्तेमाल एक्शन पर सवाल उठाए थे। कोर्ट ने कहा था कि किसी व्यक्ति के घर को इसलिए केवल नहीं गिराया जा सकता क्योंकि वो किसी आपराधिक मामले में आरोपी है। यहां तक की दोषी सिद्ध होने पर भी घर इस तरह से गिराना कानूनन उचित नहीं है। कोर्ट ने कहा था कि ऐसे देश में जहां सरकार की कार्रवाई कानून के शासन द्वारा शासित होती है, परिवार के किसी सदस्य द्वारा किया गया अपराध परिवार के अन्य सदस्यों या उनके कानूनी तौर पर निर्मित घर के खिलाफ कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करता है। अपराध में कथित संलिप्तता किसी संपत्ति के विध्वंस का आधार नहीं है।

क्या है पूरा मामला

गुजरात के जावेद अली नामक व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि उसके परिवार के एक सदस्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के कारण नगर निगम की ओर से उसे मकान गिराने का नोटिस दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मकान गिराने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम को नोटिस जारी कर फिलहाल यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है।

बुलडोजर अन्याय का प्रतीक हो सकता है, न्याय का प्रतीक नहीं हो सकता : अखिलेश यादव

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि बुलडोजर कार्रवाई असंवैधानिक है। हम सुप्रीम कोर्ट को बधाई देते है, आभार प्रकट करते है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उम्मीद है कि बुलडोजर कार्रवाई हमेशा के लिए बंद हो जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि न्याय के सर्वोच्च आदेश ने बुलडोजर को ही नहीं, बल्कि बुलडोजर का दुरूपयोग करने वालों की विध्वंसक राजनीति को भी किनारे लगा दिया है। आज बुलडोजर के पहिए खुल गए है और स्टीयरिंग हत्थे से उखड़ गया हैं ये उनके लिए पहचान का संकट है जिन्होंने बुलडोजर को अपना प्रतीक बना लिया था।

श्री यादव ने कहा कि अब न बुलडोजर चल पाएगा, न उसको चलवाने वाले दोनों के लिए ही पार्किंग का समय आ गया है। आज बुलडोजरी सोच का ही ध्वस्तीकरण हो गया है। अब क्या वे बुलडोजर का भी नाम बदल कर उसका दुरुपयोग करेंगे? दरअसल ये जनता का सवाल नहीं, एक बड़ी आशंका है।

अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में बुलडोजर की कार्रवाई न्याय नहीं हो सकता है। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई की कई ऐसी घटनाएं हुई हैं। जब कभी न्यायालय उन पर विचार करेगा तो उस पर सरकार के खिलाफ कार्रवाई होगी क्योंकि प्रदेश सरकार ने जानबूझकर, लोगों को डराने के लिए जबरदस्ती बुलडोजर चलाया है। इस भाजपा सरकार ने बुलडोजर को औजार के रूप में प्रयोग किया। विपक्ष और जनता की आवाज को दबाने के लिए दुरुपयोग किया गया।

श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी, सरकार और भाजपा के लोग बुलडोजर को इतना महिमा मंडित कर रहे थे कि जैसे बुलडोजर ही न्याय है। ये अपने कार्यक्रमों में रैलियों में इतना बढ़ा चढ़ाकर बात करते थे, जिससे लोगों में भय पैदा हो। अब सुप्रीमकोर्ट का फैसला आ गया है। तो बुलडोजर रूकेगा। न्यायालय से न्याय मिलेगा। बुलडोजर अन्याय का प्रतीक हो सकता है, न्याय का प्रतीक नहीं हो सकता है।

सीएम योगी ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता वॉलिंटियर्स को किया रवाना

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

वाराणसी/लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बारिश के बीच स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा का आरंभ किया और नमो प्लॉगेथॉन को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वच्छता वॉलिंटियर्स को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस संबंध में जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिवस पर यह आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों को झोला व स्वच्छता ही सेवा टी-शर्ट भी भेंट की।

नमो प्लॉगेथॉन के तहत सैकड़ों वॉलिंटियर्स स्वच्छता की मुहिम चलाएंगे। जोरदार बारिश के बीच ये वॉलिंटियर्स हाथों में छाता लिए रैली में शामिल हुए और भारत मां की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए। इस दौरान, प्रदेश सरकार के मंत्री रवींद्र जायसवाल, महापौर अशोक तिवारी, विधायक नीलकंठ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या आदि शामिल हुए।

मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,332.72

निफटी 24,834.85

13 लोगों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आने से राहत : निपाह वायरस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केरल में मलप्पुरम जिला प्रशासन ने जिले में निपाह वायरस से संबंधित एक मौत की पुष्टि के बाद कई क्षेत्रों में प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद फेस मास्क पहनना अनिवार्य हो गया। इन सब के बीच केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज का भी बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमने पाया है कि मलप्पुरम में एक छात्र की मौत निपाह वायरस के कारण हुई थी। इस व्यक्ति के 175 संपर्कों में से 26 उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 26 में से 13 व्यक्तियों का परीक्षण नकारात्मक आया है। हमने घर की निगरानी शुरू कर दी है।

मंत्री ने आगे बताया कि हमने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए हैं कि वायरस न फैले। संक्रमित पाए गए लोगों के लिए आइसोलेशन बे हैं। हमने आईसीएमआर से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग उनके संपर्क में आए अधिकतम लोगों की पहचान करके और उन्हें निवारक दवा देकर बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च जोखिम श्रेणी के लोगों और जिन लोगों में कोई लक्षण दिख रहे हैं, उनके नमूने एकत्र किए जा रहे हैं और परीक्षण के लिए भेजे जा रहे हैं। आज और लोगों के नमूने एकत्र किए जाएंगे।

कृष्ण जन्मभूमि विवाद : मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत, अब हाई कोर्ट में होगी हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम याचिकाकताओं को निर्देश दिया कि वे पहले यह तय करें कि क्या वे इलाहाबाद हाई कोर्ट की एकल पीठ के निर्णय को दोहरी पीठ में चुनौती देना चाहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने संकेत दिया है कि वह याचिकाकताओं के निर्णय के परिणाम की प्रतीक्षा में 4 नवंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में मामले की सुनवाई करेगा।

इलाहाबाद हाई कोर्ट की सिंगल बेंच के फैसले को मुस्लिम पक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई।



आज भारत के सुप्रीम कोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि विवाद पर विचार किया। सुप्रीम कोर्ट ने केस की सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाई कोर्ट की सुनवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम याचिकाकताओं को निर्देश दिया कि वे पहले यह तय करें कि क्या वे इलाहाबाद हाई कोर्ट की एकल पीठ के निर्णय को दोहरी पीठ में चुनौती देना चाहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने संकेत दिया है कि वह याचिकाकताओं के निर्णय के परिणाम की प्रतीक्षा में 4 नवंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में मामले की सुनवाई करेगा।

शाही ईदगाह मस्जिद से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट नवंबर में सुनवाई करेगा। कोर्ट ने ईदगाह मस्जिद से जुड़ी याचिका पर पुनर्विचार करने की इच्छा जताई है। इस मामले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई भी जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ईदगाह मस्जिद याचिका के साथ-साथ मामले से जुड़ी अन्य लंबित याचिकाओं पर भी सुनवाई करेगा।

इससे पहले मुस्लिम पक्ष ने 4 सितंबर को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में हिंदू पक्ष की याचिकाओं की विचारणीयता को बरकरार रखने वाले उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। पिछले महीने, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उस स्थान पर भगवान कृष्ण मंदिर की बहाली की मांग करने वाले मुकदमे की स्थिरता को चुनौती देने वाले मुस्लिम पक्ष के आवेदन को खारिज कर दिया, जहां शहीद ईदगाह मस्जिद मौजूद है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने कहा कि हिंदू वादी के मुकदमे पूजा स्थल अधिनियम सहित किसी भी कानून द्वारा वर्जित नहीं हैं, जो 15 अगस्त, 1947 को मौजूद किसी धार्मिक स्थान के रूपांतरण पर रोक लगाता है।

संक्षिप्त समाचार

अनुच्छेद-370 को रद्द करने का फैसला संसद का था, भगवान का नहीं : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बडगाम । नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को रद्द करने का फैसला संसद ने लिया था, भगवान ने नहीं। उमर ने जोर देकर कहा कि इस फैसले को पलटा (भी) जा सकता है। उमर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा जम्मू में सोमवार को आयोजित एक चुनावी रैली में दी गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। शाह ने कहा था कि अनुच्छेद-370 इतिहास के पन्नों में दफन हो चुका है और यह फिर कभी भारतीय संविधान का हिस्सा नहीं बनेगा।

राहुल बाबा झूठ बोलने की एक बड़ी मशीन : अमित शाह

अग्निवीर योजना पर फैला रहे अफवाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, हरियाणा के भिवानी में चुनावी प्रचार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में राहुल बाबा ने उमर अब्दुल्ला के साथ गठबंधन किया है। उनका कहना है कि वे चुनाव के बाद सारे आतंकवादियों को छोड़ देंगे, पाकिस्तान के साथ वार्ता करेंगे और आतंकवाद के कारण प्रतिबंधित संस्थाओं से प्रतिबंध हटा लेंगे। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि राहुल बाबा सुन लो हमारी बात, जब तक ऊपर पीएम मोदी बैठे हैं और बीजेपी है तब तक कश्मीर के ऊपर आंख उठाकर भी कोई देख नहीं सकता।

शाह ने हुंकार भरते हुए कहा कि राहुल गांधी हम तो वो पार्टी हैं, जो मानती है कि पाकिस्तान वाला कश्मीर भी भारत का है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कहने और देखने में तो छोटा सा प्रदेश है, दिल्ली के नजदीक है। परंतु पूरा देश हरियाणा को 3 बातों के लिए याद करता है। सबसे पहले मैं मातृशक्ति को प्रणाम करता हूं, क्योंकि आजादी के बाद मोर्चे पर जितने भी जवान गए हैं, उनमें सबसे ज्यादा

जवान हमारी इस वीरभूमि हरियाणा से गए हैं।

उन्होंने कहा कि जब देश में खाद्यान्न आयात करना पड़ता था, देश को जब जरूरत पड़ी उस समय खाद्यान्न के भंडार भरने का काम भी मेरे हरियाणा के किसान ने किया है। अभी ओलंपिक और पैरालंपिक हुए। जब भारत का नाम उस तालिका में आता है, तो हमारा हरियाणा सबसे ऊपर होता है। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा ने धाकड़ वीर जवान दिए, धाकड़ खिलाड़ी दिए और पूरे देश की भूख मिटाने के लिए अनाज देने का काम भी हमारे हरियाणा ने ही किया है।

अमित शाह ने कहा कि हरियाणा सेना में सबसे ज्यादा जवान भेजने वाला प्रदेश है। 40 साल से सेना के जवान डफ्हढ की मांग कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने नहीं दी। इंदिरा जी ने नहीं दिया, राजीव गांधी ने नहीं दिया और सोनिया-मनमोहन ने भी नहीं दिया। लेकिन आपने 2014 में मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया और उन्होंने 2015 में वन रैंक-वन पेंशन देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना पर भी कांग्रेस वाले विशेषकर राहुल बाबा राजनीति कर रहे हैं, अफवाह फैला रहे हैं। जब मैंने यहां के मुख्यमंत्री नायब सैनी जी से कहा कि भारत सरकार के गृह विभाग ने, देश भर की पुलिस ने अग्निवीरों को 20% रिजर्वेशन दिया है, मगर आप अलग से क्या करोगे। तो इन्होंने कहा कि हरियाणा के जितने भी अग्निवीर हैं, उन सभी को मैं हरियाणा में सरकारी नौकरी दूंगा।

ममता बनर्जी ने मांगी डॉक्टर्स की मांगें, हटेंगे कमिश्नर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कोलकाता कांड में ममता बनर्जी ने बड़ा एक्शन लिया है। ममता बनर्जी ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर को पद से हटाने का ऐलान कर दिया है। उनके अलावा डिप्टी कमिश्नर समेत दो अन्य लोगों पर भी गाज गिरी है। हटाए गए अधिकारियों में दो स्वास्थ्य विभाग से है। ममता बनर्जी के इस फैसले का स्वागत सभी डॉक्टर्स ने किया है। ममता बनर्जी द्वारा लिए गए इस फैसले के बाद भी डॉक्टर्स ने धरना खत्म करने का ऐलान नहीं किया है। इस मामले में जूनियर डॉक्टर्स का कहना है कि जबतक सभी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तबतक स्वास्थ्य हवन मुख्यालय पर धरना जारी रहेगा। जूनियर डॉक्टर्स का कहना है कि उनका प्रदर्शन तबतक जारी रहेगा जबतक उनकी सभी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है।

कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव की तैयारी पूरी, 24 सीटों पर डाले जाएंगे वोट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कड़ी सुरक्षा के बीच, जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद पहले चरण के विधानसभा चुनाव के लिए मंच तैयार है। पहले चरण में, चिनाब घाटी के डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां जिलों की कुल 24 विधानसभा सीटों पर बुधवार को मतदान होगा। 26 सीटों के लिए दूसरे चरण का चुनाव 25 सितंबर को और 40 सीटों के लिए तीसरे चरण का चुनाव 5 अक्टूबर को होगा। इस बार जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में, 566,000 युवाओं सहित लगभग 2.3 मिलियन मतदाता चुनाव के पहले चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चुनाव के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों को बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था द्वारा सुरक्षित किया जाएगा और इसमें केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बल (सीएपीएफ), जम्मू और कश्मीर सशस्त्र पुलिस और जेके पुलिस की तैनाती शामिल होगी। अनंतनाग जिले में 64 उम्मीदवार, पुलवामा में 45, डोडा में 27, कुलगाम में 25, किश्तवाड़ में 22, शोपियां में 21 और रामबन में 15 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। किश्तवाड़ जिले में 48-इंदरवाल एसी में नौ उम्मीदवार, 49-किश्तवाड़ एसी में सात और 50-पैडर-नागसेनी एसी में छह उम्मीदवार मैदान में हैं। बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सात जिलों की 24 विधानसभा सीट पर चुनाव होने हैं, जिसके लिए कुल 219 उम्मीदवार मैदान में हैं। विस्थापित कश्मीरी पंडित दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिले के 16 विधानसभा क्षेत्रों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। पहले चरण के चुनाव में कश्मीरी पंडित समुदाय के छह उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। संजय सराफ अनंतनाग सीट से लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। इसके साथ ही शंगस-अनंतनाग विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वीर सराफ, अपनी पार्टी के एमके योगी और निर्दलीय दिलीप पंडित मैदान में हैं। वहीं, रोजी रैना (रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया) और अरुण रैना (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) क्रमशः राजपोरा और पुलवामा सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। पहले चरण में लगभग 23.27 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिनमें 5.66 लाख युवा शामिल हैं।

अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राजनैतिक पैंतरेबाजी: मायावती

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमों मायावती ने आम आदमी पार्टी संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के फैसले को लेकर बसपा प्रमुख मायावती का गुस्सा फूटा है। बसपा प्रमुख ने केजरीवाल के सीएम की कुर्सी छोड़ने वाले फैसले को चुनावी चाल और राजनीतिक पैंतरेबाजी बताया है। साथ ही पूछा कि दिल्ली की जनता ने जो अनगिनत असुविधाएं व समस्याएं झेलीं हैं, उसका हिसाब कौन देगा।

मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली के सीएम पद से अब इस्तीफा देना वास्तव में जनहित/जनकल्याण से दूर इनकी चुनावी चाल व राजनीतिक पैंतरेबाजी, किन्तु उनके लम्बे समय तक जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता ने जो

अनगिनत असुविधाएं व समस्याएं झेलीं हैं उसका क्या उसका हिसाब कौन देगा

मायावती ने आगे कहा कि सत्ता व विपक्ष के बीच राजनीतिक लड़ाई शत्रुता स्तर तक कटु नहीं हो तो बेहतर ताकि उससे देश व जनहित प्रभावित ना हो। बीएसपी की यूपी सरकार को भी ऐसे दिन देखने पड़े जब केन्द्र की कांग्रेसी सरकार ने जेवर एयरपोर्ट व गंगा एक्सप्रेस-वे पर भी रोड़े अटकाए और जनहित व विकास को बाधित किया था।

चुनाव तक दिल्ली की सीएम रहेंगी आतिशी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, अरविंद केजरीवाल के शीर्ष पद से हटने की घोषणा के दो दिन बाद दिल्ली की मंत्री आतिशी को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। विधायक दल की बैठक में केजरीवाल ने आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा और इसे आप विधायकों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। जानकारी के मुताबिक आतिशी आज ही सरकार बनाने का दावा पेश करेंगी। आतिशी को आप विधायक दल का नेता और दिल्ली का नया सीएम चुने जाने के बाद दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज दिल्ली आप विधायक दल की बैठक बुलाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से आतिशी को अगले दिल्ली चुनाव तक सीएम की जिम्मेदारी दी गई। विपरीत परिस्थितियों में हमें यह जिम्मेदारी देनी पड़ी।'

दिल्ली के मंत्री ने आगे कहा कि जिस तरह से केंद्र की बीजेपी सरकार, पूरी बीजेपी, देश के पीएम ने आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए

साजिश रची और एजेंसियों का दुरुपयोग किया। जिस तरह से देश में सरकारें गिराई गईं, उसी तरह दिल्ली सरकार को भी गिराने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि ऐसी सभी कोशिशों को नाकाम करते हुए आम आदमी पार्टी ने अपनी एकता और काम जारी रखा। उन्होंने अरविंद केजरीवाल को जेल से इस्तीफा देने का प्रयास किया ताकि वे सरकार को गिरा सकें। लेकिन दिल्ली के लोगों के हित में, अरविंद केजरीवाल ने जेल से इस्तीफा नहीं देने और वहीं से सरकार चलाने का फैसला किया।

उन्होंने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद, अपनी सबसे बड़ी ताकत - ईमानदारी के साथ, उन्होंने दिल्ली के लोगों के लिए वह किया जो आज तक भारत में किसी अन्य राज्य सरकार ने नहीं किया। बाहर आने के बाद, उन्होंने लोगों की अदालत में जाने का फैसला किया और जब तक लोग उन्हें एक बार फिर से मुख्यमंत्री चुनते हैं, वह मुख्यमंत्री नहीं बने रहेंगे।

पवन मौर्य बने लेखपाल संघ मलिहाबाद के अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मंगलवार को मलिहाबाद तहसील सभागार में हुए लेखपाल संघ के चुनाव में पवन कुमार मौर्य को संघ का तहसील अध्यक्ष चुना गया। वहीं दीपक कुमार मौर्य को मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर इन्द्रेश कुमार रावत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राधा देवी, मंत्री दीपक कुमार मौर्य, उपमंत्री संतोष त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अरूण कुमार गौतम, लेखा परीक्षक पद पर प्रदीप कुमार गौतम को चुना गए। एल्डर कमेटी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

ढोल-नगाड़े के साथ बप्पा की विदाई

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां क्षेत्र के ग्राम सैदापुर उत्तरावां, में ढोल-नगाड़ों की गूंज और सैकड़ों ग्रामीणों के आवाजों में बोलते गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया व अगले बरस तू जल्दी आना, के जयकारे के साथ मंगलवार को बप्पा की विदाई की। और गणपति विजर्सन भवरेश्वर मंदिर पहुंचकर सई नदी तट में किया गया। इस दौरान सारे रास्ते श्रद्धालु बप्पा के जयकरों के साथ नाचते गाते सई नदी तट तक पहुंचे। जहां सभी ने बप्पा से अगले बरस जल्दी आने की कामना करते हुए उनका विसर्जन किया।

सिसेण्डी के विशाल दंगल मे पहलवानो ने दिखाए दावपेच

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। सिसेण्डी मे ऐतिहासिक विशाल दंगल का आयोजन किया गया जिससे स्थानीय व बाहर से आए पहलवानो ने जोर अजमाईस की। वर्षो से बंद सिसेण्डी के ऐतिहासिक दंगल का पुनः शुभारम्भ किया गया। यह ऐतिहासिक दंगल अनंत चौदसी के दिन आयोजित होता रहा है। दंगल का आयोजन गाँव के लोगो के सहयोग से आयोजित किया गया। दंगल मे बनारस, उन्नाव, रायबरेली के व स्थानीय पहलवानो ने कुश्ती लडकर अपने अपने दावपेच दिखाए। दंगल मे कुल पैतिस कुश्तिया हुई। अंतिम कुश्ती सालेह नगर के मोहित व रायबरेली के कमाण्डो के बीच हुई जिसमे मोहित ने कमाण्डो को हराकर इक्कीस सौ रुपए का नगद पुरस्कार जीता।

झूठ मूठ का डिप्टी एसपी बन जालसाज ने मांगे बीस लाख रुपए, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।एक निजी अस्पताल की महिला कर्मचारी द्वारा एक सप्ताह पहले दो युवको पर छेड़छाड़ समेत अन्य आरोप लगाते हुये दर्ज कराये गये मुकदमें में सुलह कराने के नाम पर एक जालसाज ने खुद को डिप्टी एसपी बताते हुये आरोपियो के परिजनो को फोन कर बीस लाख रुपए की डिमांड कर मामला रफादफा करने की बात कही, परिजनो की मिन्नतो पर 15लाख रुपए देने पर पीड़िता का बयान बदलाने व मुकदमा खत्म कराने की डील भी फाइनल हुयी। लेकिन फर्जी डिप्टी एसपी बने जालसाज को ये पता नही था उसके बातचीत का आडियो आरोपियो के परिजन रिकार्ड कर रहे है ओर वो खुद के बनाये चक्रव्यूह में फंस गया। आरोपियो के परिजनो ने पूरे मामले की मोहनलालगंज पुलिस से शिकायत कर पैसे मंगाने वाले फर्जी पुलिस अफसर के विरूद्व कार्यवाही की मांग की।पुलिस ने तहरीर के आधार पर फर्जी पुलिस अफसर बन पैसे मगांने वाले जालसाज के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से उसकी तलाश में जुट गयी है।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर चला स्वच्छता अभियान

डिप्टी सीएम केशव मौर्य-बृजेश पाठक ने लगाई झाड़ू

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मंगलवार सुबह से ही शहर को साफ करने का अभियान चल रहा है। भाजपा नेताओं के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक के साथ ही वित्त मंत्री सुरेश खन्ना भी सफाई अभियान में शामिल हुए और झाड़ू लगाकर कूड़ा भी उठाया साथ में हर हर किसी को स्वच्छता का संदेश भी दिया। महापौर सुषमा खर्कवाल भी कई आयोजनों में शामिल हुईं और हर किसी से कहा कि नगर निगम सफाई कराने को हमेशा तैयार रहता है लेकिन लोग इधर -उधर कूड़ा न फेंका करें, जिससे गंदगी बढ़ती है।

बालागंज चौराहे पर सुबह साढ़े सात बजे पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने झाड़ू लगाने के साथ ही कूड़े को भी उठाया। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई से खुद रहने और दूसरों को भी यही संदेश देने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर स्वच्छता सेवा का पखवाड़ा चल रहा है। 2014 से प्रधानमंत्री लगातार देश के विकास के बारे में सोच रहे हैं और तीसरे कार्यकाल के सौ दिन में विकास के तमाम काम नजर आ रहे हैं।

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक

चारबाग मेट्रो स्टेशन के पास आंबेडकर प्रतिमा स्थल के आसपास सुबह सात बजे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है। गली-गली में लोग घरों से निकलकर स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान चला रहे हैं प्रदेश में हर कोई इस आयोजन में शामिल होकर स्वच्छता का संदेश दे रहा है। दीनदयाल डूडा कालोनी इंदिरानगर में सुबह सात बजे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना शामिल हुए, उनके साथ पूर्वी क्षेत्र से विधायक ओपी श्रीवास्तव और महापौर सुषमा खर्कवाल भी थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने लगाई झाड़ू

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने डालीगंज बाजार में कार्यकताओं संग सड़कों पर झाड़ू लगाई। दोपहर सवा तीन बजे से पौने चार बजे तक हजरतगंज के पटेल पार्क में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

रालोद राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का जन्मदिवस रालोद पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन कार्यक्रम का आयोजन व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल द्वारा किया गया। श्री दुबे अत्यंत मिलनसार एवं लोकप्रिय राजनेता है इनकी व्यवहारिकता, मृदुलता, सरलता तथा अपनत्व का भाव सबको अपना बना लेता है ।इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी0एल0 प्रेमी, मनोज सिंह चौहान, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, डॉ0 आर0पी0 सिंह, अफसर अली, नम्रता शुक्ला, मंजू शुक्ला विवेक पांडे माया देवी सहित दर्जनों लोगों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनको जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं प्रेषित करते हुये उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की कामना की। अनिल दुबे के जन्म दिवस के अवसर पर अमन लेखनी समाचार पत्र के प्रधान संपादक राजकुमार सिंह चौहान ने भी हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि श्री दुबे अत्यंत मिलनसार एवं लोकप्रिय राजनेता है इनकी व्यवहारिकता, सहजता, मृदुलता तथा अपनत्व का भाव सभीको अपना बना लेता है ।

सपा सांसद ने मृतक परिवार से मिलकर किया शोक व्यक्त

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, लोकसभा क्षेत्र मोहनलाल गंज के सपा सांसद आर. के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने ग्राम सभा नन्दौली में किराना व्यापारी संतोष कुमार रावत के परिवार से मिलकर संवेदना शोक व्यक्त की संतोष कुमार रावत का आकस्मिक निधन बीते दिनों सर्प दंश के कारण हुआ सपा सांसद आर.के.चौधरी और पूर्व विधायक ने अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने मंगलवार को स्व0 संतोष रावत के घर पहुंचे और ईश्वर से प्रार्थना की कि इस कठिन समय में परिवार को सहनशक्ति प्राप्त हो संतोष कुमार रावत की पत्नी उर्मिला (38 वर्ष) और उनके पुत्र आदर्श (10 वर्ष) आयुष (8 वर्ष) और अवनीश (6 वर्ष) इस दुःखद घटना से प्रभावित हुए हैं पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने परिजनों को नगद आर्थिक सहायता देकर सांत्वना दी और ढांढस बंधाया सांसद आर.के.चौधरी ने एसडीएम मोहनलालगंज से फोन पर वार्ता कर मृतक आश्रित परिवार को आपदा राहत कोष से सरकारी सहायता दिये जाने की बात कही? इस संवेदना और मदद की पहल से क्षेत्र के लोगों में गहरी सहानुभूति और समर्थन की भावना व्यक्त की गई है।

पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस पर मोहनलालगंज सीएचसी में मगंलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गय।भाजपा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री सजंय राय ने किया।जिसके बाद भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ ने रक्तदान किया।मुख्य अतिथि भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ह्लपूरी दुनिया में भारत का डंका अगर बजाने वाला कोई है तो वह प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी हैं। पीएम मोदी ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो अपनी भारत माता के सम्मान के लिए पूरी दुनिया में काम कर रहे हैं। हम सब जानते हैं कि हमारी भारत माता की धरती पर ही कश्मीर में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान थे। आपके घर, जमीन पर कोई कब्जा करके झंडा फहराए और बोले हम ही मालिक हैं तो इसे कोई सहन नहीं कर सकता है।ह्वउन्होंने आगे कहाह्लकांग्रेस के कारण पिछले 75 वर्षों से अनुच्छेद 370 कश्मीर में था। नरेद्र मोदी की सरकार ने आते ही देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का अंत कर दिया। यही नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। पूरी दुनिया में भारत का सिर ऊंचा रहे, इस बात को अगर कोई लेकर चल रहा है तो वह पीएम मोदी हैं। वह महान नेता हैं।रक्तदान, महादान हैं।प्रदेश महामंत्री सजंय राय ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी स्वामी विवेकानंद का दूसरा स्वरूप हैं। स्वामी विवेकानंद ने भविष्यवाणी की थी कि 21वीं सदी भारत की होगी। आज 21वीं सदी के भारत के निमार्ता भगवान विश्वकर्मा की संतान हैं।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, यूपीसीएलडीएफ के पूर्व चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरु पांडे, ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला, भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ जिला संयोजक अशोक तिवारी, जिलामंत्री हंसराज रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यम पांडे, भाजपा नेता शम्भूनाथ पांडे, मंडल अध्यक्ष चक्रवीर सिंह, आशुतोष शुक्ला, मनीष तिवारी, आशीष द्विवेदी समेत काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

झण्डा लगाने को लेकर दो समुदायों में विवाद, दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दो अलग-अलग समुदाय के लोगों के बीच सोमवार को झंडा लगाने को लेकर विवाद हो गया था। मामले में एक पक्ष ने थाने में शिकायत की जिस पर पुलिस ने जांच कर मुकदमा दर्ज कर दिया। जिसके बाद मामला और तूल पकड़ गया दूसरे समुदाय के लोग इस बात से नाराज हो गए। मंगलवार को दूसरे समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में थाने का घेराव करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस के द्वारा आश्वासन के बाद शांत हो गए। इसके बाद शाम को प्रथम पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने दोनों समुदायों के लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में भगवा झंडा लगाने को लेकर एक विशेष समुदाय लोगों द्वारा विरोध किया गया। वही धार्मिक जुलूस निकालते हुए रामजानकी धर्माथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य विष्णु को जान माल की धमकी दी गई। जिससे पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत की थी। धर्मत सेवा ट्रस्ट के सदस्य विशुन ने आरोप लगाया कि उसने कल भगवा झंडा लगाए थे इसी बात को लेकर धार्मिक जुलूस के समय आदिल पुत्र उलफत ने अपने साथियों के साथ गाली गलौज की और धमकी देकर भगवा झंडा लगाने को मना किया। और इस मामले की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने मामले में दूसरे पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसी बात से नाराज होकर मंगलवार को दूसरे पक्ष ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के जिला कार्यध्यक्ष भूपेंद्र अर्कवंशी व हिंदू जागरण मंच सहसंयोजक संतोष सिंह के पुत्र विक्की सिंह सहित अन्य 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया है कि ये लोग धार्मिक जुलूस में दंगा कराकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास कर रहे थे फिलहाल पुलिस ने दोनों समुदायों की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

कायाकल्प पुरस्कार में सीएचसी अलीगंज रही अव्वल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। दस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को वर्ष 2023-24 का कायाकल्प पुरस्कार मिला है। इन सभी में सीएचसी अलीगंज अव्वल रही है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि कायाकल्प का पुरस्कार पाने वाली इन सभी सीएचसी को एक-एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी। सभी सीएचसी में मरीजों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। लखनऊ के शहरी क्षेत्र में आठ और ग्रामीण में 12 सीएचसी हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि शहर की अलीगंज, इंदिरा नगर, सिल्वर जुबली, टूड़ियागंज और गुडंबा सीएचसी को कायाकल्प पुरस्कार मिला है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र की बीकेटी, मोहनलालगंज, चिनहट, मलिहाबाद और काकोरी सीएचसी को भी पुरस्कार प्राप्त हुआ है। सीएमओ ने बताया कि अलीगंज व गुडंबा को पहली बार कायाकल्प पुरस्कार प्राप्त हुआ है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि अलीगंज सीएचसी / बीएमसी कायाकल्प पुरस्कार में अव्वल रही। अलीगंज को सर्वाधिक 86.43 अंक मिले हैं। अलीगंज सीएचसी के अधीक्षक डॉ. सोमनाथ सिंह ने बताया कि मई में कायाकल्प की टीम इतने साल में पहली बार निरीक्षण के लिए आई थी। टीम ने पाया कि पूरे लखनऊ में इस सीएचसी पर मरीजों को सबसे अधिक सुविधाएं दी जा रहीहै। डॉ. सोमनाथ ने बताया कि चार दिन पहले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से अलीगंज सीएचसी को प्रशस्ति पत्र दिया गया है। क्योंकि सीएचसी में उच्च जोखिम महिलाओं का मई माह में 25 सिजेरियन कराया गया है।

छितवापुर आरोग्य मंदिर को एन्क्वास मिला

सीएमओ ने बताया कि शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर छितवापुर को एन्क्वास मिला है। साथ ही सीएचसी बीकेटी प्रदेश की पहली एन्क्वास प्राप्त सीएचसी है। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि चिकित्सा इकाइयों पर गुणवत्तापरक सेवाएं देकर मरीज संतुष्टि में वृद्धि करना, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, अस्पताल कर्मियों के कार्यशैली व दक्षता में सुधार करना, सफाई, हाइजिन प्रमोशन, सेनिटाइजेशन, संक्रमण प्रबंधन आदि बिंदुओं पर बाहर से आई टीम निरीक्षण करके पुरस्कार के लिए नामित करती है।

फर्जी अभिलेखों से सस्ते दामों पर जमीन बेचने वाले चार ठग गिरफ्तार, दर्ज हैं कई मुकदमे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सस्ते दामों में जमीन बेचने का विज्ञापन इंस्टाग्राम और फेसबुक पर देकर ठगी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। ये लोग दूसरे की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को बेचते थे और ठगी करते थे। जालसाजों ने भूमीज इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी भी बना रखी थी। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक, पकड़े गए आरोपी बरेली के प्रेमनगर बाग गुद्दड़ निवासी शिवम सक्सेना (हाल पता न्यू नंदी विहार कालोनी सतरिख), किला कुतुबपुर बानखाना निवासी अक्षित सक्सेना, हापुड़ देवलोक कालोनी का रहने वाला यतीश कुमार और हरदोई के अतरौली निवासी श्रीकांत गुप्ता हैं। गिरोह का सरगना शिवम सक्सेना है। उसने भूमीज इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी बना रखी थी।

हिन्दी साहित्य की सेवा में जुटे कर्नल आदि शंकर मिश्र आदित्य सम्मानित

शिक्षक दिवस पर ह्लविश्व गुरु भारत गौरव सम्मानह्व से नवाजा गया

अमन लेखनी समाचार

कर्नल आदि शंकर मिश्र 'आदित्य' लखनऊ

लखनऊ हिन्दी साहित्य की सेवा में सराहनीय योगदान के लिए कर्नल आदि शंकर मिश्र आदित्य को हिन्दी दिवस पर देश/प्रदेश की कई संस्थाओं ने अलग-अलग कार्यक्रमों में सम्मानित किया। इससे पहले शिक्षक दिवस पर भी उन्हें विश्व गुरु भारत गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया जा चुका है

शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पटल पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले सेना से रिटायर्ड पूर्व शिक्षक, कवि, लेखक एवं साहित्यकार कर्नल आदि शंकर मिश्र आदित्य को हिन्दी दिवस पर एसएसआईफ के अलावा कई संस्थाओं; जैसे सरस्वती महाविद्यालय, एसएचएमवी फाउंडेशन द्वारा शिक्षाविद् सम्मान, प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा, माँ शारदे काव्य- मंच, भारत की बात डिजिटल, रोहित संवाद समाचार पत्र, द ग्राम टुडे समाचार पत्र द्वारा भी सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व श्री मिश्र को शिक्षक दिवस पर - विश्व गुरु भारत गौरव सम्मान 2024 से श्री सत्य इंदिरा फाउंडेशन द्वारा नवाजा जा चुका है। फाउंडेशन के उत्कृष्ट सामाजिक सेवा की प्रशंसा भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा भी की गयी है विश्व गुरु भारत गौरव सम्मान 2024 के साथ अन्य कई सम्मानों से कर्नल आदि शंकर मिश्र आदित्य के सम्मानित होने पर अनेक शैक्षिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्थाओं साहित्यकारों, कवियों व विश्व भर के मित्रों द्वारा तथा देशवावासियों द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रहीं हैं ज्ञात हो कि इसके पूर्व में पिछले वर्षों में विद्वत समाज सम्मेलन में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा कर्नल मिश्र के उत्कृष्ट साहित्य प्रतिभा के लिये सम्मानित किया गया। दिशा एजुकेशन सोसायटी एवं खुशी फाउंडेशन, डी डी भारती नेट वर्क, और जापानी हिन्दी की गूँज पत्रिका व यू ट्यूब चैनल टोक्यो जापान द्वारा भी कर्नल मिश्र को सम्मानित किया जा चुका है।

विवेकानंद जैसा युवा बन उनके सिद्धांतों विचारों को व्यवहारिक जीवन में अपनाएं - प्राचार्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।अटल बिहारी वाजपई नगर निगम डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद केंद्र के तत्वावधान में शिकागो भाषण वाचन प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में स्वामी जी के शिकागो भाषण पर केंद्रित थी जो उन्होंने 11सितंबर 1893 में अमेरिका में दिया था।विजेता प्रतियोगियों को प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र पाण्डे द्वारा सम्मानित किया गया।

कालेज परिषर मे प्रतियोगिता हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई जिसमे डेढ़ दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में निम्नलिखित छात्र छात्राओं को विजेता घोषित किया। पुष्पा तिवारी बीकॉम तृतीय वर्ष प्रथम स्थान हिंदी, खुशी शर्मा बीकॉम प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान, वर्तिका यादव बीकॉम प्रथम तृतीय स्थान वहीं अंग्रेजी आदित्य मिश्र बीकॉम द्वितीय वर्ष प्रथम, जयन वत्स बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय, विष्णु दुबे बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र पांडे ने समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें विवेकानंद जैसा युवा बनना होगा तथा उनके सिद्धांतों, विचारों को व्यवहारिक जीवन में अपनाना होगा।कार्यक्रम का संयोजन डॉ. के एम गोस्वामी तथा संचालन डॉ. उपेंद्र कुमार द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में महाविद्यालय से डा. माताशरण उपाध्याय, डा. तारकेश्वर पाण्डेय तथा स्वामी विवेकानंद स्मारक केंद्र लखनऊ से डा. दीपनारायण पांडेय उपस्थित रहे।

खेत गई महिला के साथ हुआ बलात्कार

अमन लेखनी समाचार

जाफरगंज, फतेहपुर। देश एवं प्रदेश में महिला सुरक्षा के लिए वर्तमान सरकार ने अनेकों कानून बनाए परंतु इसके बाद भी महिला समाज सुरक्षित नहीं हो पा रहा जगह-जगह दरिंदे महिलाओं को अपना शिकार बनाते हुए घटना को अंजाम दे रहे हैं जनपद के जाफरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों से अरदास लगाते हुए अपना दुख दर्द बयां किया जहां महिला ने दबंग ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह गौतम उर्फ कल्लू पुत्र शिवाधार के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि महिला अपने खेतों पर गई थी जहां पहले से घात लगाए बैठे युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ करते हुए बलात्कार किया घटना को अंजाम देते समय महिला का पति मौके पर पहुंचा जिसे देख युवक मौके से भाग खड़ा हुआ वहीं रोती बिलखती महिला ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां स्थानीय पुलिस प्रशासन ने महिला की बात को नजरअंदाज कर दिया और महिला की सुनवाई नहीं हुई जिससे महिला न्याय के लिए उच्च अधिकारियों के पास पहुंची विश्वसनीय सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह गौतम एक दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके स्थानीय थाना अंतर्गत कई मामले पूर्व काल से भी पंजीकृत है देखना यह कि ऐसे जघन्य अपराध करने वाले अपराधी को प्रशासन कब तक नजर अंदाज रखेगा

पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बनेंगे सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर

छह इकइयों की होगी स्थापना

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के साथ बढ़ती ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए योगी सरकार क्लीन एनर्जी सेक्टर पर विशेष जोर दे रही है। इस क्रम में सौर ऊर्जा के बाद हाइड्रो आधारित पंप प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास तेज किए गए हैं और सोनभद्र, चंदौली व मीरजापुर में छह प्लांट्स के जरिए 4,730 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया है।

सोनभद्र के गहार्वा में 1250 मेगावाट क्षमता के हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट को लगाने की स्वीकृति 30 मई को दी गई थी। एक्वाग्रीन इंजीनियरिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे विकसित किया जा रहा है। प्लांट की लागत 6100.62 करोड़ रुपये आंकी गई है। वहीं, चंदौली के मुबारकपुर में 600 मेगावाट क्षमता के हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट का निर्माण एक्मे ऊर्जा टू प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। परियोजना को 3544.81 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा।

3480 मेगावाट ऊर्जा उत्पन्न का लक्ष्य

मीरजापुर में चार पंप स्टोरेज प्लांट्स के प्रोजेक्ट के जरिए 3480 मेगावाट ऊर्जा उत्पन्न का लक्ष्य तय किया गया है। इनमें अवाडा ग्रुप द्वारा कटरा में 4410 करोड़ रुपये की लागत से 630 मेगावाट, रेन्यू समूह गांव कालू पट्टी में 3350 करोड़ रुपये की लागत से 600 मेगावाट व बबूरा में 4100 करोड़ रुपये की लागत से 800 मेगावाट क्षमता वाली इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार, मीरजापुर के ही बबूरा रघुनाथ सिंह गांव में ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम द्वारा 3946.12 करोड़ रुपये की लागत से 850 मेगावाट क्षमता की पंप स्टोरेज प्लांट के स्थापना की जा रही है।

संक्षेप

फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में एक युवक द्वारा अपने घर में फांसी के फंदे से लटककर जीवनलीला समाप्त कर ली गई घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया। बेहटा मुजावर के गांव कन्हई खेड़ा निवासी 35 वर्षीय गजोधर पुत्र परसादी का शव सोमवार को देर रात उसके घर में छत के कुंडे में अंगौछे के सहारे लटकता हुआ देखा गया जिसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। घटना से मृतक की पत्नी सहित अन्य परिजनों में कोहराम मचा रहा। कुछ ग्रामीणों में चर्चा है मौत के गले लगाने से पूर्व उसका किसी से कुछ विवाद हुआ था।

बैंक खाते में नामीनी होना जरूरी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बैंक ऑफ इंडिया की गंजमुरादाबाद शाखा के प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन खातों में नॉमिनी का नाम नहीं है वह खाता धारक बैंक शाखा में आकर नॉमिनी नियुक्त करने का फॉर्म अति शीघ्र भर दें। उन्होंने बताया कि जिन खातों में नॉमिनी का नाम नहीं होता है उनके क्लेम में दिक्कत होती है। जबकि जिस बैंक खाते में नॉमिनी का नाम होता है तो घटना/ दुर्घटना में खाता धारक की मृत्यु के बाद नॉमिनी को संबंधित खाते की रकम मिलने में दिक्कत नहीं होती है। इस समस्या से बचने के लिए खाताधारक नॉमिनी फॉर्म भरकर अपने बैंक खातों में नॉमिनी का नाम जल्द भर दें।

सफाई कर्मचारियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत क्षेत्र की ग्राम पंचायतो में तैनात सफाई कर्मचारियों का आज एक शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड मुख्यालय स्थित सभागार में आज स्वच्छ भारत मिशन के 10वें वर्षगांठ के अवसर पर 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक ह्लस्वच्छता ही सेवा 2024ह्व अभियान के उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु क्षेत्र के सफाई कर्मियों की सहभागिता हेतु उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर चौरासी के चिकित्सिको की टीम द्वारा लगभग आधा सैकड़ा सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत हेमंत कुमार ने बताया 17 सितंबर को पूर्व से चिह्नित किए गए सभी ब्लैक स्पॉट को सामूहिक श्रमदान के माध्यम से साफ किया जाएगा। इस मौके पर ग्राम सचिव विभय श्रीवास्तव, विवेक कुमार, शैलेन्द्र त्रिपाठी, गंगा बक्स, रामदुलारे रजत अवस्थी आदि उपस्थित रहें।

भैसेश्वर मंदिर में की जाती है भैसे की पूजा अर्चना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज विकास खंड स्थित जैतीपुर गांव में एक अत्यंत अनोखा और प्राचीन मंदिर है, जो भैसेश्वर मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर की विशिष्टता उसकी पूजा पद्धति और श्रद्धालुओं की मान्यता में निहित है। यहां भक्त भैसे की मूर्ति की पूजा करते हैं, और इस मंदिर की एक अनोखी परंपरा के तहत जो भी भक्त अपनी मन्नतें पूरी होने की खुशी में भैसे की मूर्ति का निर्माण कराते हैं। इस प्रकार मंदिर में सैकड़ों भैसे की मूर्तियां स्थापित हैं।

जो इस स्थल की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ाती हैं।भैसेश्वर मंदिर का इतिहास सैकड़ों वर्षों पुराना है। यह मंदिर जैतीपुर गांव के धार्मिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है और ग्रामीणों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर के अंदर और बाहर भैसे की कई मूर्तियां देखी जा सकती हैं। जो कि भक्तों की धार्मिक मान्यता और आस्था का प्रतीक हैं। हर साल भक्तगण अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर इन मूर्तियों को यहां स्थापित करते हैं जिससे मंदिर का वातावरण और भी पावन और आकर्षक बन जाता है ।मंदिर की प्रमुख परंपरा हर साल एक भव्य झांकी निकालने की है। यह झांकी न केवल धार्मिक आयोजन होती है। बल्कि गांव के सांस्कृतिक जीवन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। झांकी के दौरान मंदिर के भक्तगण बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लेते हैं। यह आयोजन स्थानीय लोगों के बीच एकता और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देता है।

मंदिर के वार्षिक मेले का आयोजन भी गांव के धार्मिक कैलेंडर का एक प्रमुख हिस्सा है। इस मेले में आसपास के गांवों और शहरों से भी लोग आते हैं। मेले में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खाद्य पदार्थ सांस्कृतिक प्रदर्शन और धार्मिक गतिविधियां होती हैं। यह मेला स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देता है और गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है ।इस अवसर पर क्षेत्रीय नेताओं और प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति भी देखी जाती है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष दुर्गेश तिवारी, विद्याभूषण मौर्या, अंसू साहू, गिरजा शंकर और बच्चू मौर्य जैसे स्थानीय नेता और प्रमुख लोग इस मेले में शामिल होते हैं। उनकी उपस्थिति से आयोजन को अधिक मान्यता मिलती है और ग्रामीणों को भी प्रेरणा मिलती है।

मंदिर की इस अनोखी परंपरा और सालाना मेले का महत्व स्थानीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं में गहराई से समाहित है। भैसेश्वर मंदिर के प्रति भक्तों की श्रद्धा और आस्था इस मंदिर की महत्वता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मंदिर के आसपास के क्षेत्र में इस धार्मिक स्थल की सांस्कृतिक और सामाजिक भूमिका का बखूबी एहसास किया जा सकता है, जो कि गांव की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करता है।

पीएम आवास में लाभार्थियों का कराया गया गृह प्रवेश

बांगरमऊ, उन्नाव। उपमहानिदेशक आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आज भुवनेश्वर प्रांत उड़ीसा मे मा0 प्रधानमंत्री जी का एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के नये दिशा निर्देश जारी किये गये है। उसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका परिषद बांगरमऊ मे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों के गृह प्रवेश नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के अध्यक्ष रामजी गुप्ता द्वारा कराया गया। प्रधानमंत्री जी के उक्त कार्यक्रम के लाइव प्रसारण एल0ई0डी0 के माध्यम से लाभार्थियों को नगर पालिका कार्यालय मे दिखाया गया। और योजना के सम्बन्ध मे विस्तृत जारकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम मे राम जी गुप्ता अध्यक्ष, रवीन्द्र लिपिक, अभिषेक यादव, अनुज यादव डूडा इंजीनियर, वीरपाल, अनिल कुशवाहा, हरिओम तिवारी, वार्ड सदस्य, सुधीर कुमार मिश्रा, मनीष तिवारी, प्रदीप गुप्ता, अनूप कुमार सहित पालिका के कर्मचारीगण एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

जनपद के प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन विभाग/ जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान जिला चिकित्सालय का निरीक्षण, रक्तदान शिविर का शुभारंभ व मरीजों को फल वितरण, सफाई अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम आदि सहित पटेल पार्क में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के 5 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, वृक्षारोपण, स्वच्छता की शपथ, सफाई कर्मियों का सम्मान, झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ, निराला प्रेक्षागृह में प्रधानमंत्री 2.0 आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी आवास के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी देकर शुभारम्भ, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण आदि कार्यक्रम किए गए। निराला प्रेक्षागृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए मंत्री द्वारा उपस्थित जन समूह को स्वच्छता शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर प्रधानमंत्री के जीवन वृत्त पर आधारित वीडियो का प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि मा० प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर हमने अपने घर, मुहल्ले, गाँव, शहर एवं देश को स्वच्छ बनाने की जो शपथ ली है उसे पूरा करेंगे ।हमें जनता की शिकायतों को सुनना है तथा प्रशासन के माध्यम से उनका समाधान भी कराना है।

मा० मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकता के विषय विकास और सुरक्षा को पूरी तन्मयता के साथ जनपद में प्रशासन द्वारा लागू किया जाए ।उन्होंने कहा कि मैं इस जनपद का प्रभारी मंत्री होने के नाते यहां के विकास के रथ को आगे बढ़ाने का काम करूँगा ।निराला प्रेक्षागृह में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 5 लाभार्थियों को टूल किट तथा पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को घर की प्रतीकात्मक चाभी व प्रमाण पत्र वितरित आदि किए गए। भ्रमण कार्यकम के दौरान सांसद डॉ० स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह, एम०एल०सी० रामचन्द्र प्रधान, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक पुरवा अनिल सिंह, विधायक भगवन्त नगर आशुतोष शुक्ला, विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, विधायक बॉगरमऊ श्रीकान्त कटियार, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उन्नाव श्वेता मिश्रा, जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। नव विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में फासी के फंदे से लटकता शव मिलने पर नव विवाहिता के मायके पक्ष वालों की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट के आधार पर अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ेथाना बिहार के अंतर्गत ग्राम गौरा निवासी दीपक कुशवाहा पुत्र संगठा उर्फ शंकर भाई का विवाह 15 नवंबर 2023 को सोनाली आयु लगभग 19 वर्ष ग्राम दुकनहा थाना खीरो जनपद रायबरेली के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ सोनाली का दिनांक 15 सितंबर को दिन में घर में फांसी के फंदे से लटकता। शव मिलने पर दीपक कुशवाहा के ससुराली जनों ने सोनाली की दहेज की मांग को लेकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित तहरीर दी थीं तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व हत्या किए जाने की रिपोर्ट पंजीकृत कर लिया जिसमें दीपक कुशवाहा लगातार कई दिनों से फरार चल रहा है पुलिस ने गौरा तिराहे मोड़ के पास सेअभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसडीएम ने पोषण जन जागरूक महाभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव । बाल विकास परियोजना विभाग के तत्वावधान में आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने शासन द्वारा संचालित सातवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त भारत बनाने हेतु जागरूकता रैली को उप जिलाधिकारी नवीन चंद्र ने हरी झंडी दिखाकर तहसील परिसर से रवाना किया । साथ ही भारत को कुपोषण मुक्त करने के लिए कार्यकताओं को शपथ दिलाई ।उपजिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं को पोषण महाअभियान के अंतर्गत शपथ दिलाते हुए कहा कि सुपोषित भारत साक्षर भारत और शसक्त भारत बनाएं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पोषण महाभियान के तहत कुपोषण मुक्त भारत को बनाने के लिए जन जन तक संदेश पुहुंचाकर अभियान को सफल बनाएं। तथा सुपोषित भारत साक्षर भारत शसक्त भारत बनाने में अपनी महती भूमिका कर्तव्यों को निभाए ।इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या शर्मा ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस पोषण महाअभियान का उद्देश्य है कि ऐनिमिया पूरक आहार देने और एक पेड़ मां के नाम लगाने विकास की निगरानी पोषण भी पढ़ाई भी बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी शिक्षा आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उनका कहना था कि शासन का उद्देश्य है कि भारत कुपोषण मुक्त हो भारत साक्षर और शसक्त बने । उन्होंने सभी आंगनवाड़ी कार्यकताओं से इस सातवें पोषण महाअभियान को भी सफल बनाए और जन जन तक संदेश पहुंचाए। सुपरवाइजर अर्चना सिंह रचना दीपक सहित किरन सिंह सियालली देवी उषा कनौजिया आदि सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही ।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकली गणेश प्रतिमा की विसर्जन यात्रा

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र के कस्बा बाबागंज सहित समस्त क्षेत्र की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस धूमधाम के साथ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गायघाट के लिए रवाना हुआ। बताते चलें कि रूपईडीहा थाना क्षेत्र में कुल 14 स्थान पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। मंगलवार को समस्त गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच धूमधाम से गायघाट के लिए रवाना हुआ। कस्बा बाबागंज के पुरानी बाजार स्थित गणेश प्रतिमा का विसर्जन जुलूस बाबा परमहंस कुटी से नई बाजार बाबागंज होते हुए विसर्जन स्थल गायघाट रवाना हुआ। इस दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा, प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह व बाबागंज चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल बराबर मुस्तैद रहा। इस दौरान डीजे के धुन पर सैकड़ों श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ सहित गणेश जी के भजनो पर जमकर थिरकते नजर आए। इस मौके पर अध्यक्ष आदेश गुप्ता, उपाध्यक्ष आदर्श जायसवाल, महामंत्री मोहित सोनी सहित गोविन्द गुप्ता, प्रीतम गुप्ता, अभिषेक यज्ञसैनी, शिवकुमार गुप्ता, डबली गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।

चेतवानी बिंदु पार कर गया गंगा नदी का जलस्तर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार शाम को गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु को पार कर गया था, और इसके बाद से जलस्तर में निरंतर वृद्धि हो रही है। केंद्रीय जल आयोग ने रविवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 112.070 मीटर मापा, जो कि चेतावनी बिंदु से ऊपर था। सोमवार को जलस्तर और बढ़ गया और शाम पांच बजे 112.130 मीटर मापा गया। मंगलवार को भी बढ़ोतरी दर्ज की गई ।जलस्तर में इस वृद्धि के कारण गंगा के तटवर्ती इलाकों में पानी भर गया है। पश्चिम के कर्बला, हुसैन नगर, शाही नगर, सैयद कंपाउंड, चंपा पुरवा, तेजी पुरवा, मनसुख खेड़ा, और गगनी खेड़ा जैसे इलाकों में सैकड़ों घरों के आसपास पानी भर गया है। गली-मोहल्लों में पानी भरने से लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं। इसके बावजूद, प्रशासन की ओर से इन प्रभावित क्षेत्रों में कोई भी मदद नहीं पहुंचाई गई है, जिसके कारण लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा ।बाढ़ की स्थिति के मद्देनजर, बिजली विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों के लगभग 300 घरों की बिजली काट दी है, जिससे रात के समय लोगों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने के कारण लोग रात को अंधेरे में रह रहे हैं और दैनिक जीवन की आवश्यक सेवाओं की भारी कमी महसूस कर रहे हैं ।अधिक चिंता की बात यह है कि गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी के बावजूद, अब तक बाढ़ चौकी नहीं खोली गई है। बाढ़ चौकी के न खुलने से स्थानीय लोगों को राहत और बचाव कार्यों की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिम्मेदार अधिकारी अब तक प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने या सहायता पहुंचाने के लिए मौके पर नहीं पहुंचे हैं, जिससे लोगों में प्रशासन के खिलाफ गहरी नाराजगी है ।स्थानीय निवासी और जनप्रतिनिधि प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपील कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही राहत और बचाव कार्य शुरू नहीं किए गए, तो स्थिति और भी विकट हो सकती है। प्रभावित क्षेत्र में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, लोगों ने सरकार और प्रशासन से त्वरित और प्रभावी कदम उठाने की मांग की है ताकि राहत सामग्री, चिकित्सा सुविधाएं, और आवश्यक सेवाएं समय पर प्रदान की जा सकें ।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से बाढ़ चौकी खोलकर प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य शुरू करे। इसके साथ ही, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए समुचित व्यवस्था की जाए और विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल की जाए ।वर्तमान में स्थानीय निवासियों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है, ताकि इस आपदा की स्थिति को प्रभावी ढंग से संभाला जा सके और लोगों को आवश्यक सहायता समय पर उपलब्ध कराई जा सके।

डीजे और गाजे बाजे के साथ निकाली गई विशाल गणपति मूर्ति विसर्जन यात्रा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कस्बा मोहान के सलखेमऊ मोहल्ले से विशाल गणपति मूर्ति विसर्जन यात्रा धूमधाम से डीजे और गाजे बाजे के साथ विपिन कन्नौजिया, गोलू, प्रमोद, बाबू, ऋषि, तनुज, सरजू, आयुष आदि ने निकाली। इसके अलावा तिलक नगर से राजू लाल कश्यप के घर से मेवा लाल, रवि आदि ने मूर्ति विसर्जन यात्रा निकाली। जोकि कस्बे की मुख्य मार्ग से होते हुए जलेश्वर नाथ मंदिर के पास सई नदी तट पर बनाए गए गड्ढे में विसर्जित की गई। इस अवसर पर राजू लाल, मेवा लाल, सुंदर लाल, कश्यप, रवि, लक्की, शोभित गुप्ता, उमंग, बडक्के कश्यप, विपिन कन्नौजिया, गोलू, प्रमोद, बाबू, ऋषि, तनुज, सरजू, आयुष सहित एसडीएम पुलिस बल के साथ मौजूद रहें।

ब्लाक कर्मचारियों ने चलाया सफाई अभियान

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय ब्लाक कार्यालय परिसर मेंह्स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत अंतर्गत आज मंगलवार को खंड विकास अधिकारी निशा सागर विश्वकर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक कर्मियों द्वारा श्रमदान के जरिए सफाई अभियान संचालित किया गया। अभियान में दीपकांत चोला सहायक विकास अधिकारी पंचायत, शंभू दयाल सहायक विकास अधिकारी कृषि सहित आनंद सुमन, आशीष कुमार, रोहित कुमार, सुभाष गौतम, रवीना, बृजेश कुमार आदि ग्राम पंचायत अधिकारी व जितेंद्र कुमार खंड प्रेरक तथा नितिन कुमार ,सौरभ कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर, रंजीत कुमार ,प्रवेश कुमार सफाई कर्मी आदि शामिल रहे। इसके अलावा मदार नगर ,नवाबाद ग्रांट ,शेरपुर कला, बांगरमऊ ग्रामीण व गौरिया कला आदि ग्राम पंचायतों में भी प्रधानों के नेतृत्व में ग्राम वासियों और सफाई कर्मियों द्वारा आज गांव की गलियों, खड़ंजों और सीसी मार्गों तथा नाले-नालियों में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।

बाइक सवार युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के पूरन नगर मोहल्ले के रहने वाला एक शिक्षक सोमवार की देर शाम अपने गांव से बाइक पर सवार होकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर सरोसी के पास एक ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मोर्चरी पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल होता रहा ।जानकारी के अनुसार मोहल्ला पुर नगर निवासी जगदीश का 28 वर्षीय बेटा दीपक यादव सफीपुर के एक निजी कॉलेज में शिक्षक है। सोमवार की देर शाम वह सफीपुर क्षेत्र के मरौंदा गांव स्थित गांव से वापस शहर पूरन नगर अपने घर लौट रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर सरोसी के पास ही पहुंचा था कि एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी ।हेलमेट सर में होने के बावजूद वह पहिया के नीचे चला गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्त करने के बाद सूचना परिवार को दी ।इसके बाद मृतक के चाचा शिववरन यादव मोर्चरी हाउस पहुंचे उन्होंने बताया कि दीपक की 4 मार्च को ही शादी हुई थी मृतक दो बहनों में इकलौता था। पिता खेती किसानी करते हैं। घटना के बाद पत्नी रूपाली रो-रोकर बेहाल होती रही। परिजनों की सहमति के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम महोत्सव

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला टेढ़ी बाजार में रस्तोगी परिवार द्वारा बीते सोमवार की रात्रि श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में कानपुर से आए जागरण पार्टी के कलाकार राजू कुलकर्णी, किरन गुप्ता, सुनील स्नेही, विनय सिंह व राजू मालवीय ने खाटूश्यामजी की कई झांकियां प्रस्तुत कर भक्तों का मन मोह लिया। सभी कलाकारों ने बारी-बारी से आधुनिक वाद्ययंत्रों के सुर संगम से भजनों को प्रस्तुत कर समां बांध दिया। भजनों पर श्रोता भक्त पूरी रात लय-ताल के साथ कदम मिलाकर नृत्य करने को मजबूर हो गए। अंत कलाकारों ने बर्बरीक की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। रात में श्रद्धालु भक्तों के लिए विशेष भंडारा का भी आयोजन किया गया। आज प्रातः आयोजक शुभम रस्तोगी , प्रिया रस्तोगी , सतीश चन्द्र रस्तोगी व रागिनी रस्तोगी ने सामूहिक आरती के बाद श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

अलग अलग गांवो मे महिला व युवक ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवालीक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सेमरीमऊ में छत के कुण्डे से साड़ी के सहारे फांसी लगाने से इंद्र कुमार कश्यप की पत्नी आरती 24 की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी ।घटना की सूचना बाद मौके पर पहुंचे लखनऊ के ग्राम गौतम खेड़ा मजरे निगोहां निवासी आरती के पिता श्यामलाल ने कोतवाली में सौंपी तहरीर में दहेज में मोटर साईकिल व नगदी की बाबत बेटी को मारकर लटकाने का आरोप सास व दामाद पर लगाया है। वहीं कोतवाली के गांव मनिकापुर निवासी कृपा के 28 वर्षीय बेटे अमित ने गांव के बाहर स्थित शुकुलन की बांग के काकोर के पेड़ में नाईलोन की रस्सी के सहारे लटकर कर आत्म हत्या कर ली ।घटना की जानकारी होते ही मां केशाना, व भाई अंकित, अमन, अमीन व आशीष आदि परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शवों को कब्जे में पोस्टमार्टम को भेजा है।

विभिन्न लीलाओं के साथ हुआ आल्हा का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। हिलौली विकास खण्ड की ग्राम पंचायत गुलरिहा मे गत वर्षों की भांति परंपरागत पूर्व प्रधान बलबीर सिंह शीब्बू ने जलविहार के अवसर पर उदयनगर कालोनी मे आल्हा के आयोजन के साथ भगवान श्री कृष्ण कंस आदि के द्वारा विभिन्न लीलाओं का मंचन किया गया। और बलबीर सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती की वही वीर रस के मुख्य गायक जय शंकर त्रिवेदी टी.वी.सिंगरके द्वारा गायन का क्रम जारी रहाआल्हा मण्डल . बहाई लालगंज रायबरेलीउत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार दूरदर्शन संगीत नाटक अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ से मान्यता प्राप्त के द्वारा संगीत वादक राज कुमार चन्द्र किशोररामदीन ,राजकिशोर ,जनार्दन यादव ,ने आये हुये लोगों को आल्हा गाकर भाव विभोर किया। इस मौके पर दर्जनो घोड़े और डीजे बैंड बाजा मौजूद रहे। और कलाकारों ने अपनी अपनी कला का प्रदर्शन करते रहे ।वहीं पूर्व प्रधान बलवीर सिंह ने पत्रकारों को अंगवस्त्रप्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मान किया।

गणपति बप्पा की निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गणेश महोत्सव की धूम अब अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर गई है। सोमवार को इस महापर्व की समाप्ति के अवसर पर गायत्री नगर में गणपति बप्पा की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा ने नगरभर में धार्मिक और सांस्कृतिक उल्लास का माहौल बना दिया ।गायत्री नगर से निकाली गई गणेश जी की शोभा यात्रा में विभिन्न मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। यात्रा के दौरान ह्गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आह के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने यात्रा में ढोल, ताशे और डीजे की धुनों पर जमकर नृत्य किया, जिससे माहौल और भी जीवंत हो गया ।गणेश महोत्सव की शुरूआत 7 सितंबर को हुई थी। इस अवधि में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गणेश पंडालों का निर्माण किया गया और वहां गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई। पोनीरोड, मिश्रा कॉलोनी, गायत्री नगर, रूपनगर, बृह्मनगर, कंचन नगर, भातूफार्म, चंपापुरवा जैसे स्थानों पर भव्य पंडाल सजाए गए। इन पंडालों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, भजन कीर्तन और महाआरती का आयोजन किया गया ।द्वारिका मोहनी काम्पाउंड में एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में लोगों को भोजन के साथ-साथ धार्मिक आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ, जिससे समुदाय में एकता और समरसता का संदेश फैलाया गया ।सोमवार को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन भी धूमधाम से किया गया। गगनी खेड़ा झील में विसर्जन के लिए उमड़ी भीड़ ने इसे एक भव्य उत्सव का रूप दे दिया। विसर्जन के दौरान झील के किनारे श्रद्धालुओं का समुद्र उमड़ पड़ा। गणेश जी की प्रतिमाओं को श्रद्धा के साथ झील में विसर्जित किया गया, और इस मौके पर गगनी खेड़ा झील के चारों ओर भक्ति और उल्लास का माहौल था ।शोभा यात्रा और विसर्जन के इस समापन समारोह ने गणेश महोत्सव को एक भव्य और यादगार अंत दिया। नगरवासियों ने इस पर्व के माध्यम से न केवल धार्मिक भावनाओं को व्यक्त किया, बल्कि समाज में एकता और खुशहाली का संदेश भी फैलाया ।गणेश महोत्सव के समापन पर आयोजित ये गतिविधियाँ न केवल सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक हैं, बल्कि शहरवासियों के धार्मिक उत्साह और सामाजिक सहयोग की भी झलक देती हैं ।गणेश महोत्सव की समाप्ति के बाद भी नगरवासियों के दिलों में गणपति बप्पा की यादें और भक्ति की लहरें बरकरार रहेंगी, और अगले वर्ष फिर से इस उत्सव की तैयारियों के लिए वे उत्साहित रहेंगे। गणेश महोत्सव के सफल समापन पर नगरवासियों ने एक दूसरे को बधाई दी और आगामी वर्ष की तैयारी की योजना बनाई।

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विदेश दौरे हमेशा विवाद में होते हैं। ताजा ताजा अमेरिका के दौरे पर गए राहुल गांधी के बयानों ने विवाद पैदा कर दिया है। उन्होंने चीन पर, सिखों पर, आरक्षण पर, बेरोजगारी पर, भाजपा व संघ पर ऐसे बयान दिए, जिससे उनकी आलोचना हो रही है। उन्होंने अमेरिका की भारत विरोधी डेमोक्रेटिक सांसद इल्हान उमर से मुलाकात कर जता दिया है कि उन्हें भारत राष्ट्र की छवि की बिल्कुल परवाह नहीं है। इल्हान हमेशा कश्मीर और खालिस्तान को अलग देश बनाए जाने वाली मांग का समर्थन करती रही हैं। अमेरिका में राहुल ने कहा, 1. चीन उत्पादन में सबसे आगे, भारत बहुत पीछे है, 2. भारत में कुशल लोगों का सम्मान नहीं है, 3. भारत में सिखों को पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं है, 4. समान अवसर मिलने पर आरक्षण खत्म करेंगे, 5. भारत में कौशल का सम्मान नहीं होने के चलते बेरोजगारी है, 6. संघ व भाजपा एक तरह के लोगों का भारत चाहते हैं। यह पहली बार नहीं है, जब विदेश की धरती पर राहुल ने विवादित बयान दिए हैं। 2017 में अमेरिका दौरे पर राहुल ने भारत में बढ़ती हिंसक घटनाओं को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा था। अगस्त 2018 में लंदन में कहा था कि आरएसएस की सोच अरब देशों की मुस्लिम ब्रदरहुड जैसी है। इसी वर्ष सिंगापुर में भाजपा पर बांटने की राजनीति का आरोप लगाया। 2018 में ही जर्मनी व मलेशिया की यात्रा के दौरान मॉब लिंचिंग व नोटबंदी को लेकर मोदी सरकार को घेरा। 2019 में चुनाव से पहले मेडिटेशन टूर पर कंबोडिया चले गए थे। इसी वर्ष सीएए आंदोलन के बीच दक्षिण कोरिया चले गए। मई 2022 में ब्रिटेन में सीबीआई-ईडी की पाक से तुलना की। मई 2023 में अमेरिका दौरे पर कहा कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है। इसी वर्ष ब्रिटेन में पेगासस जासूसी मुद्दे को उठाया। अमेरिकी दौरे पर राहुल गांधी के विवादित बयानों की हो रही आलोचना पर आजकल का यह अंक...

विरोध के अतिवाद में राष्ट्र की छवि खराब न करें राहुल

विश्लेषण
अवधेश कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

लोकसभा में विपक्ष का नेता या संवैधानिक दायित्व निभाने वाला कोई व्यक्ति क्या अपने सार्वजनिक वक्तव्यों के बारे में कह सकता है कि यह उस पद का नहीं, मेरा निजी विचार है क्योंकि मैं अपने अंदर दो चरित्र लेकर चलता हूं? राहुल गांधी ने अमेरिका में जो कुछ बोला, उसे लेकर कांग्रेस के परंपरागत नेताओं में भी असहजता और परेशानी है। देश का नेता विदेश की भूमि पर जाकर यह कहे कि हमारे देश में चारों ओर भय का माहौल है, धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला है, अल्पसंख्यकों व समाज के पिछड़ों व वंचित वर्गों के विरुद्ध हिंसा हो रही है, विरोधी राजनेताओं को जेल में डाला जा रहा है, भारत की विविधताओं को समाप्त किया जा रहा है तो इसका अर्थ क्या लगाया जाए?

राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा पर मचा बवंडर बिल्कुल स्वाभाविक है। तीन दिनों की अमेरिका यात्रा में उनके द्वारा दिए गए वक्तव्यों और मुलाकातों के अनेक अंश ऐसे थे जिन पर सम्पूर्ण भारत को आपत्ति होनी चाहिए। विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी के लिए पहली विदेश यात्रा में विदेश में देश के हितों के प्रति सतर्क एवं उत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार करने वाले नेता की छवि निर्मित करने का महत्वपूर्ण अवसर था। ओवरसीज कांग्रेस ऑफ इंडिया के प्रमुख सैम पित्रोदा ने कह दिया था कि यह राहुल गांधी की विपक्ष के नेता के रूप में नहीं बल्कि निजी यात्रा है। क्या लोकसभा में विपक्ष का नेता या संवैधानिक दायित्व निभाने वाला कोई व्यक्ति अपने सार्वजनिक वक्तव्यों के बारे में कह सकता है कि उस पद का नहीं, मेरा निजी विचार है क्योंकि मैं अपने अंदर दो चरित्र लेकर चलता हूं? राहुल गांधी ने अमेरिका में जो कुछ बोला, उसे लेकर कांग्रेस के परंपरागत नेताओं में भी असहजता और परेशानी है। भारत का नेता विदेश की भूमि पर जाकर यह कहे कि हमारे देश में चारों ओर भय का माहौल है, धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला है, एक संगठन समूह को छोड़कर अन्यों को अपने मजहब, पंथ, संप्रदाय, भाषा के अनुसार और वेशभूषा के साथ निकलने या महत्वपूर्ण जगहों पर प्रवेश करने तक पर खतरा है, अल्पसंख्यकों तथा समाज के पिछड़ों व वंचित वर्गों के विरुद्ध हिंसा हो रही है, विरोधी राजनेताओं को जेल में डाला जा रहा है तथा भारत की विविधताओं को समाप्त किया जा रहा है तो इसका अर्थ क्या लगाया जाए ?

विदेश में भारत की डरावनी तस्वीर पेश

जब उनका कार्यक्रम पहले से तय था तो उन्हें क्या बोलना है इनका निर्धारण भी पहले हो गया होगा। यही बात मुलाकातों के संदर्भ में भी है। हालांकि 2017 से उनकी राजनीतिक विदेश यात्राएं हो रही हैं और अभी तक के उनके वक्तव्य को देखें तो आपको हैरत नहीं होगी। हर यात्रा में उन्होंने विश्व समुदाय के समक्ष भारत की एक झूठी डरावनी तस्वीर पेश की है। वे लगातार कहते रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद आरएसएस का सारी संस्थाओं पर कब्जा है, हम विविधता को मानते हैं, वे एकरूपता के लिए सत्ता की ताकत का उपयोग कर रहे हैं। इसी में वे जोड़ते रहे हैं कि समाज में दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और उनके विचार से असहमत होने वालों को हिंसा, प्रताड़ना और अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विरोधी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। संपूर्ण मीडिया पर कब्जा है और हमारे पास अपनी बात रखने के मंच नहीं हैं। लगभग ये ही बातें थोड़ी अलग या समान शब्दावलियों में उन्होंने इस बार भी बोला है। पिछले चुनाव में मोदी सरकार संविधान खत्म कर देगी, आरक्षण समाप्त कर देगी मनगढ़ंत नैरेटिव का असर उन्हें दिखा इसलिए ये विषय भी प्रमुखता से उठाया। पिछले वर्ष की अमेरिका यात्रा में उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के बारे में कहा था कि जब हमारे पास अपनी बात रखने या जनसंवाद करने का कोई माध्यम नहीं बचा तो हम जनता के बीच यात्रा पर निकल पड़े। इस बार अंतर इतना था कि उन्होंने बताया कि लोगों ने समझा है और चुनाव परिणाम ने इसे साबित किया है। अब नरेंद्र मोदी से लोग डर नहीं रहे, सवाल पूछ रहे हैं और उनका (पीएम मोदी) आत्मविश्वास खत्म हो गया है। वैसे यह बात भारत में वह बोल चुके थे।

मोदी सरकार का विरोध या भारत का

राहुल गांधी के रणनीतिकार, सलाहकार, थिंक टैंक सब प्रफुल्लित होंगे क्योंकि जैसा वे चाहते थे राहुल गांधी पूरी तरह तैयार होकर देश के साथ विदेश में भी उतर चुके हैं। किंतु यह भूल गए कि एक बार आपने देश की छवि विदेशों में खराब कर दी तो यह केवल मोदी सरकार के लिए नहीं संपूर्ण भारत के लिए समस्या और चुनौती बनेगा। कल्पना करिए, जो संस्थाएं उभरते और खड़ा होते हुए भारत को रोकने के लिए झूठी रिपोर्ट के आधार पर विश्व के निरंकुश, अभिव्यक्ति और धार्मिक स्वतंत्रता का दमन करने वाले देशों की सूची में डालने की वकालत कर रहे हैं, उनके लिए तो राहुल गांधी को उद्धृत कर अपनी बात की पुष्टि करना ज्यादा आसान हो जाएगा। उनकी मुलाकातों की सूची में हमने भारत विरोधी और यहां तक कि भारत के विरुद्ध अमेरिकी कांग्रेस में मतदान करने वाली इल्हान उमर की चर्चा है, किंतु पूरी सूची में ऐसे ही लोग थे जो अल्पसंख्यकों, मुसलमानों, मानवाधिकारों आदि के नाम पर भारत विरुद्ध अभियान चलाते रहे हैं। इनमें पाकिस्तान समर्थक हैं। कोई विदेशी नेता पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का भाग नहीं मानता, कश्मीर में जनमत संग्रह की आवाज उठाता है तथा अमेरिका में भारतीयों के लिए वीजा नियमों को आसान करने वाले विधायक के विरुद्ध मतदान करता है, उसका हमारे देश के किसी नेता के साथ खड़ा होने का अर्थ क्या है ? यह मोदी सरकार का विरोध है या भारत का?

कार्यक्रम में उठाया तथ्यहीन मुद्दा

यह कल्पना नहीं की जा सकती कि कोई नेता अपने कार्यक्रम में इस सीमा तक चला जाएगा कि एक सम्मानित सिख को उठाकर बोलेगा कि लड़ाई इस बात की है कि एक सिख पगड़ी या कड़ा पहनकर कहीं आ-जा सकते हैं या नहीं। यह सिर्फ एक रिलिजन के लिए नहीं बल्कि सभी रिलिजन के लिए है। हालांकि जिस सिख व्यक्ति का नाम पूछ कर उन्होंने यह टिप्पणी की उन भालिंदर सिंह वीरमानी ने कहा कि इस मुद्दे में कोई भी तथ्य मौजूद नहीं है। मैं इसे पहनकर बेझिझक भारत जा सकता हूं। वहां आज तक ऐसा नहीं हुआ कि उसे पगड़ी और कड़ा पहनने का हक नहीं मिला हो। भालिंदर सिंह ने कहा कि राहुल गांधी 15 -20 मिनट बोलने के बाद बाहर चले गए और हमें उनसे प्रश्न करने का मौका नहीं मिला अन्यथा मैं पूछना चाहता था कि आखिर आपसे किसने कहा है कि ऐसी आजादी नहीं है। क्या वजह, कोई खास एजेंसी है या खास लोग हैं जिन्होंने बातें बताई है? तो जिस अमेरिकी सिख बंधु से उन्होंने सवाल किया, वही असहज हो गया। सिख समुदाय के कुछ मुट्ठी भर अलगाववादी अराजक तत्व दुनिया में यही बात फैला रहे हैं। खालिस्तान की मांग सिखों की धार्मिक आजादी की मांग से जोड़कर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम जैसे देशों में सिख फॉर जस्टिस या ऐसे दूसरे समूह बीच-बीच में भारत को परेशान करने वाली गतिविधियां करते हैं। ये देश को बदनाम करते रहते हैं।

यह व्यवहार हर दृष्टि से अस्वीकार्य

क्या राहुल गांधी को पता नहीं कि इन तत्वों ने ही भारतीय दूतावास आदि पर हमले किए और महात्मा गांधी तक की मूर्ति को अपमानित किया? लंदन स्थित उच्चायोग में भारतीय तिरंगे को अपमानित किया। सिख फॉर जस्टिस के संचालक और भारत में वांछित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयानों को हाथों-हाथ लिया और कहा कि यही तो हम कह रहे थे, आज राहुल गांधी ने इसकी पुष्टि कर दी। दुनियाभर के सिख अलगाववादी समूह राहुल के इस वक्तव्य का उपयोग कर अपने को सही साबित करने की कोशिश करेंगे। भारत सरकार सभी देशों के साथ कड़ाई से इन तत्वों पर अंकुश लगाने की बात करती रही है। राहुल गांधी ने भारत का पक्ष कमजोर किया। इसका डरावना पहलू यह है कि इसका किंचित भी लाभ उठाकर इन तत्वों ने पंजाब में गड़बड़ी पैदा की तो क्या होगा? हाल के समय में पंजाब के अंदर अलगाववादी गतिविधियों के साथ हिंसा फैलाने के प्रमाण मिले हैं, उग्रवादी गिरफ्तार हुए हैं। भारत की एकता-अखंडता तथा विश्व में इसके प्रभाव बढ़ने, सम्मान मिलने के प्रति समर्पित नेता विदेशी भूमि पर ऐसी बातें नहीं कर सकता। आपको आरएसएस, भाजपा से मतभेद है तो देश के अंदर प्रकट कर सकते हैं। उसमें भी राहुल गांधी अतिवाद में जा रहे हैं जो हमारे अंदर ही तनाव और हिंसा बढ़ाने तथा उथल-पुथल मचाने की क्षमता रखता है। क्या राहुल गांधी का एजेंडा सामान्य राजनीति में कांग्रेस को मजबूत करने और सरकार बनाने तक सीमित नहीं है? अपने देश के बारे में ऐसे दुष्प्रचार उथल-पुथल और हिंसा के द्वारा सत्ता पर कब्जा करने वाले वामपंथी किया करते थे। वो देश व राज्य की भौगोलिक सीमाओं या आंतरिक एकता जैसे राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय भाव आदि को खारिज करते थे और संपूर्ण विश्व में केवल एकवर्गीय व्यवस्था का सपना देखते थे। कम्युनिस्ट देशों में उन्हें शरण मिलती था और वहां से अपने देश के विरुद्ध अभियान चलाते थे, लोगों को सत्ता के विरुद्ध हिंसक विद्रोह के लिए भड़काते थे।

भारत के पक्ष में खड़े होने की अपेक्षा

राहुल गांधी संसदीय लोकतंत्र के अंदर क्या लक्ष्य चाहते हैं, इसे समझने के लिए शोध की आवश्यकता है। संसदीय व्यवस्था में राजनीतिक-वैचारिक मतभेद देश की भौगोलिक सीमाओं के अंदर हैं। सीमा से निकलते ही हर व्यक्ति भारतीय है और उससे भारत के पक्ष में खड़े होने की अपेक्षा है। यह व्यवहार हर दृष्टि से अस्वीकार्य है तथा इसका विरोध होना चाहिए। वैसे उनकी बातों का तथ्यों से खंडन संभव है और अपने देश से प्रेम करने वाले को इसके विरोध में आना चाहिए।

राहुल का बयान कांग्रेस के लिए मुसीबत

सियासत
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनावी चकल्लस के बीच अमेरिका में सिख और आरक्षण पर विवादित बयान देकर राहुल गांधी ने कांग्रेस की मुसीबत बढ़ा दी है। राहुल गांधी का हालिया अमेरिका दौरा खासा चर्चा का विषय इसलिए बना हुआ है, क्योंकि वे इस बार नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद पहली बार विदेश दौरे पर गए। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में चुनाव की प्रक्रिया चल रही हैं। ऐसे में राहुल के बयानों के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। राहुल के आरक्षण वाले बयान पर जहां सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी हमलावर है, वहीं सिख वाले बयान को लेकर समुदाय से जुड़े संगठनों में आक्रोश है। हरियाणा में 20 प्रतिशत दलित और पांच प्रतिशत सिख समुदाय की आबादी है।

चुनाव में हो सकता है नुकसान

कहा जा रहा है कि अमेरिका में दिया गया राहुल का बयान अगर भारत में तूल पकड़ता है तो हरियाणा के दंगल में कांग्रेस के साथ खेल भी हो सकता है। हालांकि, ये पहली बार नहीं है, जब विदेश में दिए गए अपने बयानों की वजह से राहुल गांधी कांग्रेस के चुनावी परफॉर्मेंस के लिए पनौती साबित हुए हैं। इससे पहले भी कांग्रेस को कई बार राहुल गांधी के बयानों से नुकसान उठाना पड़ा है। इसे राहुल गांधी का स्वभाव कहें या उनकी अनिच्छा या आंतरिक कलह, इसे कुछ भी कहें लेकिन इसका नुकसान भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी को लगातार उठाना पड़ रहा है।

पद लेने से बचते रहे हैं राहुल

नेहरू-गांधी परिवार की पांचवीं पीढ़ी का नेतृत्व राहुल गांधी करते हैं, वो परिवार के छठे सदस्य हैं जिन्होंने कांग्रेस संगठन की अध्यक्षता की है। 139 साल की कांग्रेस में नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य 51 साल तक अध्यक्ष रहे हैं जिसमें सोनिया गांधी सबसे लंबे समय तक 22 सालों तक अध्यक्ष रहीं। जवाहरलाल नेहरू 11 सालों तक एआईसीसी के प्रमुख रहे, इंदिरा गांधी सात साल, राजीव गांधी छह साल और मोतीलाल नेहरू दो सालों तक इसके अध्यक्ष रहे। राहुल एआईसीसी के 87वें अध्यक्ष थे जिनका कार्यकाल 16 महीनों से भी कम था, वो दिसंबर 2017 से लेकर मई 2019 तक इसके प्रमुख रहे। अहम बात ये है कि राहुल गांधी 2004 में चुनावी राजनीति में आए और तब से कोई भी पद लेने से बचते रहे थे। यहां तक कि उन्होंने पार्टी प्रमुख के पद से भी इस्तीफ़ा दे दिया था। बता दें, 18वीं लोकसभा के चुनाव के बाद वे पहली बार कोई संवैधानिक पद लिया है और लोकसभा में विपक्ष के नेता बने हैं।

ऐसे बयानों से बचना होगा

खैर, राहुल गांधी 55 साल के हो गए हैं। अगर वो ख़ुद को एक परिपक्व नेता के तौर पर और मज़बूत करना चाहते हैं तो उन्हें देश के अंदर या विदेश में ऐसे बयान देने से बचना होगा जो उनके व्यक्तित्व और पार्टी की छवि पर सवालिया निशान खड़ा करता हो। सामान्य समझ तो यही कहती है कि कोई सफाई देने का लोड तभी लेता है जब लगे कि ऐसा नहीं किया तो बात बिगड़ सकती है। नुकसान का डर नहीं हो तो सफाई की कौन सोचता है भला? राहुल की तरफ से सफाई

आना अपने आप में सबूत है कि आरक्षण पर उन्होंने जो कहा है, उससे कम-से-कम उनके 'चैंपियन' की छवि को बट्टा लगने का डर तो जरूर था। संभवतः यही कारण है कि राहुल गांधी ने बाद में अपने बयान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि कांग्रेस आरक्षण को समाप्त करने के बारे में नहीं सोच रही है। उलटे वे देश में आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक समरसता लाने के लिए आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को खत्म करने के बारे में सोच रहे हैं। इसे कांग्रेस का 'डैमेज कंट्रोल' माना जा रहा है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने एक बयान में आरक्षण की समीक्षा किए जाने की बात कह दी थी। कहा जाता है कि भागवत के इस बयान के कारण बिहार में बीजेपी को भारी नुकसान हुआ।

अपनी बढ़त खो सकती है कांग्रेस

यदि कांग्रेस इस मामले को गंभीरता से नहीं लेती तो उसे भी इसका नुकसान होने वाले विधानसभा चुनावों में हो सकता है। ज्ञात है, पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने संविधान का मुद्दा उठाकर ही ओबीसी, दलित और आदिवासी मतदाताओं के बीच अपनी पैठ बनाई है। यदि वे इस मामले को नहीं संभाल पाती है तो उसे इस बढ़त को भी खोना पड़ सकता है। इसे देखते हुए ही कांग्रेस के सीनियर नेता तुरंत पार्टी का पक्ष रखने के लिए सामने आ गए। खैर,गौर करने वाली बात ये है कि पहले देश की राजनीति में इस तरह के कई उदाहरण मौजूद थे जब सत्ता पक्ष और विपक्ष के लोग विदेश की धरती पर अपने देश की बात नहीं करते थे और ना ही किसी की निंदा करते थे।

प्रतिद्वंद्वियों की निंदा का ट्रेंड

पहले विदेश में देश की छवि को लेकर राजनीतिक दल एक हो जाया करते थे। याद कीजिए, तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने तब विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को संयुक्त राष्ट्र भेजा था ताकि भारत के पक्ष को मजबूती से रख पाएं। पहले विदेश में सत्ता और विपक्ष के नेता एक ही बोली बोलते थे।

खुद बतौर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसका अनुसरण करते हुए कभी सोनिया गांधी तो कभी सलमान ख़ुर्शीद को भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए विदेश भेजा जबकि वो विपक्ष में थे। लेकिन अब न सिर्फ़ विपक्ष के नेता, बल्कि सत्ता पक्ष के लोग भी विदेशी दौरों के दौरान अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों की आलोचना करने से चूकते नहीं है। बीते एक दशक में इसका ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। 2014 में जब पीएम मोदी शासन में आए, तो उन्होंने कई बार विदेशी धरती पर कांग्रेस के शासनकाल और उसके प्रधानमंत्रियों की निंदा की। इतना ही नहीं, पिछले कुछ सालों में सत्ता पक्ष के नेता भी विदेशों में जाकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु की आलोचना करते हुए कहते रहे हैं कि पिछले 60 सालों में भारत में कुछ नहीं हुआ था और जो कुछ हो रहा है या हुआ है वो सिर्फ़ बीजेपी की सरकार बनने के बाद संभव हो पाया है। इसलिए अगर राजनीतिक शिष्टाचार खत्म हुआ है, तो उसके लिए दोनों ही पक्ष दोषी है, किसी एक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

विदेश में देश की साफ छवि रहे

साफ है अब भारत में लोकतंत्र शोरशराबे वाला बनने की राह पर है। सोशल मीडिया हो या एक दूसरे की व्यक्तिगत आलोचना हो। राजनीति का अब यही स्वरूप उभर रहा है जिसमें मर्यादा की सीमा की कोई गुंजाइश ही नहीं नज़र आती है। इसलिए सतापक्ष के साथ विपक्षी पाटियों के नेताओं को इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि ऐसे कोई भी आंतरिक मुद्दों को विदेशी धरती पर न उठाया जाए जिससे देश की छवि खराब हो।

कांग्रेस राज में ही पिछड़ा मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र

दो टूक
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

शायद राहुल गांधी को भी लगने लगा है कि राष्ट्र निर्माण वर्ष 2014 में ही शुरू हुआ है। अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दौरान जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भारत में मैन्युफैक्चरिंग की स्थिति पर 'ज्ञान' बांच रहे थे, तो लग रहा था मानो भारत के औद्योगिक विकास के आर्किटेक्चर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा राष्ट्र निर्माण की बुनियाद रखने के लिए किए गए औद्योगिक कार्यों को भी नकार रहे थे। मोदी सरकार की ओर से किए गए नीतिगत बदलाव व मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में किए कार्यों का विरोध करने में कांग्रेस सांसद भूल ही गए कि भारत आजादी के वक्त से ही मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा दे रहा है। इस दिशा में देश की तकरीबन सभी दलों की सरकारों ने काम किया है। एचएएल, सेल, भेल, ओएनजीसी, इंडियन ऑयल, एचपी, बीपी, टाटा, टिस्को, बिड़ला, महिंद्रा समेत एक हजार से अधिक बड़ी सरकारी व निजी कंपनियां हैं, जो विनिर्माण में योगदान दे रही हैं। सूक्ष्म, लघु व मध्यम (एमएसएमई) कंपनियां तो देश में छह करोड़ से अधिक हैं। आज भारत टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल समेत कई क्षेत्रों में बहुत आगे है।

कांग्रेस सरकार की नीतिगत चूक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को गति जरूर मिली है। पर कांग्रेस सरकार ने दो महत्वपूर्ण अवसर गंवाए। अस्सी के दशक में जब ब्रिटेन व अमेरिका में डॉटकॉम क्रांति हो रही थी, तब भारत में कांग्रेस सरकार मूकदर्शक बनी हुई थी, डिजिटल सेक्टर में बड़ा निवेश नहीं किया, भविष्य की अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज किया, नहीं तो आज भारत सर्च इंजन के लिए गूगल का उपभोक्ता नहीं होता। भारत के पास भी अपनी सर्च इंजन कंपनी होती। सिलिकॉन वैली भारत में होती। निजी क्षेत्र के प्रयासों से भारत सॉफ्टवेयर सेक्टर में सुपरपावर जरूर बना, लेकिन कांग्रेस नेताओं में दूरदर्शिता के अभाव के चलते डिजिटल सेक्टर में पिछड़ गया। डिजिटल सेक्टर की यह कमी मोदी सरकार पूरी कर रही है।

कांग्रेस सरकार की दूसरी चूक उदारीकरण अपनाने के वक्त हुई, जब भारत ने अपना बाजार खोला, उस वक्त विश्व के बाजार भी खुले। उस समय अगर सरकार अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को तेजी से बढ़ावा देती, तो आज राहुल गांधी को यह नहीं कहना पड़ता कि मैन्युफैक्चरिंग में चीन भारत से बहुत आगे है। पीवी नरसिम्हाराव सरकार की शिथिलता के चलते उदारीकरण के दौर में भारत केवल विश्व का उपभोक्ता ही बना, निर्यात का खिलाड़ी नहीं बना। कांग्रेस सरकार की दो अवसरों पर नीतिगत चूक ने मैन्युफैक्चरिंग में भारत को पीछे धकेल दिया।

मोदी सरकार बदल रही तस्वीर

नरेन्द्र मोदी की सरकार देश में मैन्युफैक्चरिंग की तस्वीर बदलने की कोशिश कर रही है। मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, ब्रांड भारत, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल, डिजिटल इंडिया, पीएलआई स्कीम, मुद्रा योजना आदि अभियान से मोदी के नेतृत्व वाली राजग

सरकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती दे रही है। यह सरकार अर्थव्यवस्था को ग्लोबल जरूरतों के हिसाब से ट्रांसफॉर्म कर रही है। सरकार चीन से आयात पर निर्भरता कम कर रही है। सरकार जहां इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर- रेल, रोड, एयरपोर्ट, पोर्ट, सी-रिवर रूट को विश्वस्तरीय बना रही है, वहीं ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा, बायो एनर्जी, सेमीकंडक्टर, डिजिटल सेक्टर (एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन, आईओटी, रोबोटिक्स) आदि नए सेक्टर को पीएसयू (पब्लिक सेक्टर यूनिट) व निजी स्तर पर प्रोत्साहित कर रही है। सरकार डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है, वह एग्रीटेक, फिनटेक और नैनोटेक को भी आगे बढ़ा रही है। मोदी सरकार की उदार नीति के चलते ही हाल के वर्षों में मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियां चीन से भारत शिफ्ट हो रही हैं।

मात्र मोदी सरकार का विरोध

भारत डिजिटल भुगतान में वैश्विक रिकार्ड बना रहा है। राहुल गांधी भारत में हो रहे इस बदलाव को नहीं देख रहे होंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता है, लेकिन चूंकि उन्हें मोदी सरकार का विरोध करना है, इसलिए अमेरिका में भी अपने ही नए भारत की विकास यात्रा को शर्मिंदा करने में भी गुरेज नहीं करते हैं। अमेरिका में राहुल गांधी ने कहा कि भारत में मैनुफैक्चरिंग सेक्टर की हालत खराब है। तो क्या उन्होंने कभी सोचा कि ऐसी हालत कब से हुई, क्यों हुई? अगर पूर्व की कांग्रेस सरकार ने 80, 90 के दशक में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर ध्यान दिया होता तो चीन की तरह भारत में भी रोजगार की कमी नहीं होती। वर्ष 2014 से पीएम मोदी की राजग सरकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट दे रही है। राहुल गांधी ने अगर भारत के मैनुफैक्चरिंग इतिहास का अध्ययन किया होता तो अमेरिका में अनभिज्ञ सरीखे कतई नहीं बोलते। स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले ज्यादातर उत्पाद हाथ से बने होते थे। भारत हुनर की वैश्विक राजधानी था। लकड़ी का कोयला जलाकर लोहा बनाने की पहली कोशिश 1830 में तमिलनाडु में हुई थी। 1868 में जमशेदजी टाटा ने टाटा ग्रुप शुरू किया। आजादी के बाद (1951-91) पंचवर्षीय योजना लाकर भारत ने उद्योगों पर फोकस किया। 1956 में औद्योगिक नीति बनाई गई। इससे लोहा, स्टील, भारी इंजीनियरिंग और फर्टिलाइजर उद्योग तेजी से बढ़े। हालांकि, कांग्रेस सरकार में लाइसेंस राज व करप्शन के कारण औद्योगिक विकास की रफ्तार सुस्त रही। उदारीकरण के दौर में भारत वैश्विक उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बन रहा था।

मोदी सरकार ने पैटर्न को तोड़ा

पीएम मोदी की सरकार ने इस पैटर्न को तोड़ा। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर मैनुफैक्चरिंग के वैक्यूम को भरना शुरू किया। पीएलआई स्कीम, एफडीआई नियम में ढील, बेकार कानूनों का खात्मा, कॉर्पोरेट टैक्स में कमी, मुद्रा योजना आदि से मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में जान फूंकी गई। जीडीपी में 17 फीसदी हिस्सेदारी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की है। आईबीईएफ की रिपोर्ट के मुताबिक, जून 2022 से जून 2024 के बीच भारत की मैनुफैक्चरिंग इंडस्ट्री में 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2014 से 2024 के बीच मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में 165 अरब डॉलर से ज्यादा का विदेशी निवेश आया, जबकि, 2004 से 2014 के बीच 98 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। यूपीए के दस वर्ष की तुलना में एनडीए के दस वर्ष में मैनुफैक्चरिंग सेक्टर में एफडीआई में 69 फीसदी की वृद्धि हुई। भारत ने 2025 तक 5 अरब डॉलर के रक्षा निर्यात का लक्ष्य रखा है। मोदी सरकार अगले पांच साल में इन्फ्रास्ट्रक्चर में 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करने जा रही है। राजनीति अपनी जगह रहे, लेकिन विपक्ष के नेता भी देश के विकास की वैश्विक ब्रांडिंग करें। इससे भारत एक सुलझा हुआ एकीकृत व शक्तिशाली राष्ट्र बनकर उभरेगा।

संक्षेप

श्रृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की बड़े ही धूमधाम से मनाई गई जयंती

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। सनातन धर्म में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा स्वर्ग लोक, पुष्पक विमान, कुबेरपुरी जैसे सभी देवनगरी का रचनाकार कहा जाता है कन्या संक्रांति के दिन भगवान विश्वकर्मा की जयंती का त्योहार बेहद ही उत्सव के साथ मनाया जाता है। भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि के प्रथम शिल्पकार के रूप में जाना जाता है। और ऐसी मान्यता है कि उपासना करने से आर्थिक व व्यवसायिक क्षेत्र में व्यक्ति को विशेष लाभ की प्राप्ति होती है विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर जनपद में बड़े ही धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई।इसी कड़ी में फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित नेशनल हेल्थ क्लब (जिम) में विधि-विधान से पूजन व हवन करके भगवान विश्वकर्मा की पूजा सम्पन्न हुई। जिसमें प्रमुख रूप से चन्द्र प्रकाश विश्वकर्मा पूर्व प्रधान, नैमिष विश्वकर्मा, संचालक नेशनल हेल्थ क्लब,अजीत रावत, आयुष मिश्रा,पंकज मिश्रा, शशिकांत मिश्रा(दीपू), जितेन्द्र राजपूत प्रधान,अनिरुद्ध सिंह, कुलदीप शुक्ला, जितेन्द्र यादव, निशांत विश्वकर्मा,कुलदीप यादव, विष्णु यादव, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, आदि विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर उपस्थित रहे।

अमेठी में सियार के हमले से महिला घायल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, प्रदेश के विभिन्न जिलों में आदमखोर भेड़ियों के आतंक के बीच अमेठी के दरखा ग्रामसभा में जंगली सियार का खतरा बढ़ता जा रहा है। कालू का पुरवा गांव में रविवार सुबह एक सियार के हमले में आरती पत्नी गिरिजा शंकर तिवारी (45 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के अनुसार, आरती अपने घर के दरवाजे के सामने सो रही थी। तभी अचानक एक जंगली सियार ने उन पर हमला कर दिया। सियार के तीव्र हमले से गंभीर रूप से घायल आरती को उनके परिजनों ने तुरंत गौरीगंज जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया।

हसनपुर में सड़क हादसे में एक की मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, अमरोहा के हसनपुर कोतवाली इलाके में बीती रात अमरोहा मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना शनिवार की रात की है

प्रत्येक व्यक्ति को अपने मकान की अनुभूति कराती है प्रधानमन्त्री आवास योजनाः प्रमुख प्रतिनिधि

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। मंगलवार को नवाबगंज विकासखंड के ब्लॉक सभागार बाबागंज में प्रधानमन्त्री ग्रामीण आवास के लाभार्थियों को ग्रह प्रवेश की चाभी और प्रमाण पत्र बीडीओ नवाबगंज की अध्यक्षता में वितरित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एस पी सिंह रहे। प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मुद्दे पर काम कर रही है और सभी पात्र व्यक्तियों के लिए उनके आवास की भी व्यवस्था कर रही है। सभी को पक्के मकान उपलब्ध कराके सरकार सम्मान दे रही है। इसलिए सभी को अपने मकान की अनुभूति हो रही है। इस मौके पर सभी लाभार्थियों ने प्रधानमन्त्री का लाइव प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम के इस मौके पर एडीओ पंचायत नवाबगंज विकास अवस्थी, एडीओ आईएसबी हरिओम मिश्रा, पंचायत सचिव संदीप त्रिपाठी सहित समस्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

नगर पंचायत रुपईडीहा में हर तरफ रही 12 रबी उल अव्वल की धूम

रुपईडीहा, बहराइच। जश्ने विलादत के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद रुपईडीहा से परंपरागत जुलूस जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया तमाम दूरदराज से आए हुए नात ख्वा ने अपने अपने कलाम पेश किये। जुलूस ए मोहम्मदी में नारे तकबीर नारे रिसालत की सदाओ के साथ नगर पंचायत रुपईडीहा गूंजए मान रहा। वही नौजवानों का जोश देखते ही बनता था। चकिया चौराहे पर बड़ी तादाद में युवाओं ने मरहबा या रसूल अल्लाह के नारे के साथ आतिशबाजी का प्रोग्राम भी किया जो जुलूस से मोहम्मदी के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। तमाम लोगों ने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान व मकान पर मिठाइयां बताकर अपनी खुशी का इजहार किया। इसी क्रम में चकिया चौराहे पर इरफान मिकरानी इमामुद्दीन जानू अहमद इरफान मोहम्मद आकिब लतीफ सपा नेता शब्बीर अहमद मौलाना कुतुबुद्दीन शरीफ नेता हाफिज सलमान आदि के द्वारा बड़े पैमाने पर तबरूर्कात तकसीम किया गया। जुलूस ए मोहम्मदी पर पुष्प वर्षा के साथ-साथ रुपईडीहा की तमाम मस्जिदों के इमाम को गुलपोसी भी की गई।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सीएचसी चर्दा में वितरित किया फल

चौरी कुटिया मंदिर जाकर स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत की साफ सफाई

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। मंगलवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के शुभारंभ एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर रुपईडीहा चैयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य व मंडल अध्यक्ष रुपईडीहा अजय मिश्रा के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चर्दा में मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इसके साथ ही अस्पताल की प्रमुख समस्याओं पर अधीक्षक डॉ आर एन वर्मा से चर्चा करके सांसद बहराइच एवं विधायक नानपारा से वार्ता करके समस्याओं के निदान के लिए वार्ता हुई। इस अवसर पर जिला कार्यसमिति सदस्य रतन लाल अग्रवाल, रूपईडीहा मंडल उपाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा, मंडल मंत्री योगेश पाण्डेय, प्रहलाद वर्मा, भाजयुमो महामंत्री पंकज कश्यप, ललित त्रिपाठी, प्रदीप वर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पूर्व स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत चौरी कुटिया मंदिर जाकर स्वच्छता का संदेश देते हुए नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य ने भाजपा कार्यकताओं के साथ झाड़ू लगाकर चौरी चुटिया की साफ सफाई की।

एसडीएम कैसरगंज के खिलाफ लामबंद हुए अधिवक्ता

अधिवक्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ की नारेबाजी

नाराज अधिवक्ताओं ने किया कोर्ट का बहिष्कार

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बार भवन में एकत्रित होकर उप जिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद के द्वारा अधिवक्ताओं से किया जा रहे हैं दुर्व्यवहार के संबंध में आवश्यक बैठक कर रूपरेखा तय की जिस क्रम में अधिवक्ताओं द्वारा उपजिलाअधिकारी कोर्ट के सामने एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी की और उनके कार्य से असंतुष्ट होने की बात कही और अधिवक्ताओं ने यह तय किया कि जब तक उप जिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद का कार्य व्यवहार सही नहीं हो जाता है। तब तक अधिवक्ता उनके न्यायालय की न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे तथा उपजिला अधिकारी के अधिवक्ता विरोधी दुर्व्यवहार के क्रम में जिलाधिकारी बहराइच को एक निंदा प्रस्ताव भी भेजा गया है और जिलाधिकारी से यह अपेक्षाकृत मांग की गई है की एसडीएम कैसरगंज के कर व्यवहार में सुधार उन्हें आदेशित करें इसी क्रम में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्रा ने बताया कि आज उप जिलाधिकारी परिसर छोड़कर भाग गए हैं ऐसी परिस्थिति में यहां के अधिकारियों को बार एसोसिएशन चेतावनी देना चाहता है कि वह अपने मान सम्मान के लिए लड़ाई के लिए तत्पर है। अधिवक्ता अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए वह सक्षम भी है। इस प्रदर्शन में बार एसोसिएशन कैसरगंज के अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मिश्र व महामंत्री ज्ञान बाबू वर्मा विजय प्रताप सिंह राज किशोर यादव विनोद कुमार चौहान प्रकाश सिंह शरण सिंह सूर्यभान सिंह नसीब खान चित्रसेन सिंह मनोज सिंह बालक राम सरोज दयाराम यादव मनोहर लाल वर्मा नारायण शर्मा मनोज मिश्रा रमेश वर्मा हरिराम शिवम सिंह बिसेन सिराज अंसारी शहीद राजा अंकित वर्मा हातिम अहमद जिलानी जयचंद वर्मा देशराज पाल योगेश मिश्रा सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

बिलासपुर में भाखड़ा डैम का निरीक्षण

- एसडीएम और सीओ ने लिया हालात का जायजा, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

अमन लेखनी समाचार

बिलासपुर, दोपहर रामपुर जिले के बिलासपुर में उप-जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय और पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर प्रशासनिक अमले के साथ हाईवे स्थित भाखड़ा डैम पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डैम के बढ़े हुए जलस्तर का जायजा लिया। बता दें कि पहाड़ी और मैदानी इलाकों में हो रही लगातार बारिश के चलते डैम के जलस्तर में वृद्धि हुई है। एसडीएम और सीओ ने डैम से निकलने वाली बायीं और दायीं नहरों के पानी से हो रहे कटान पर भी ध्यान दिया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर उन्होंने स्थिति की समीक्षा की और भविष्य में जलस्तर को नियंत्रित करने के उपायों पर चर्चा की। डैम के निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस के प्रांगण में खड़े होकर मां दुर्गा पंचायती भवानी मंदिर के महंत पं रविराज स्वरूप भटनागर से बातचीत की। उन्होंने गणेश विसर्जन के दौरान विशेष निर्देश दिए कि कोई नाबालिग श्रद्धालु विसर्जन में शामिल न हो और डैम व नदियों पर विसर्जन के समय भीड़भाड़ न हो। एसडीएम ने कहा कि भाखड़ा और पीलाखार डैम के जलस्तर में वृद्धि के मद्देनजर बाढ़ चौकियों पर तैनात कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बाढ़ से बचाव के लिए पूर्ण प्रबंध किए जाने की पुष्टि की। इस मौके पर तहसीलदार निश्चय कुमार, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज ललित कुमार समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ...

धूमधाम से क्षेत्र में निकली गणेश प्रतिमा की विसर्जन यात्रा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। गजाधरपुर के टेंडवा अल्पी मिश्र व नियामतपुर सुरजना महराज पुरवा फखरपुर आदि जगहों पर स्थापित बीस गणेश प्रतिमाओं का गाजे बाजे के साथ दहावरा तालाब के तट पर विसर्जन के लिए निकली शोभा यात्रा। हवन और महाआरती के साथ पूजा समारोह का समापन हो गया। गाजे-बाजे के साथ गजाधरपुर बाजार से होकर गणेश प्रतिमाए विसर्जन के लिए निकली। स्थानीय पुलिस प्रशासन के थानाध्यक्ष अभिनव प्रताप सिंह के नेतृत्व में विसर्जन यात्रा पूजा परिसर से गजाधरपुर चौराहा, फखरपुर भीलोरा मोड ,और पटासिया चौराहा होते हुए दहोरा तालाब के तट पर पहुंची जहा नम आंखों से भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के उद्धघोष के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया। विसर्जन यात्रा का जगह जगह पर स्वागत किया गया।कई स्थानों पर प्रसाद की भी व्यवस्था की गई। समिति अध्यक्ष पेशकार यादव चन्द्रिका प्रसाद पप्पू शुक्ला मोहित शुक्ल, सौरव शुक्ल ललित उत्तम पाठक,बंटी गौरव अखलेश कुमार गुड्डू प्रधान उदय रॉज वर्मा अरुण त्रिलोकी सिंह आरजू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

अमेठी में गरीबों के राशन पर कोटेदार का डांका

- राशन के साथ तौलता है एक किलो का बांट, वीडियो आया सामने

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, एक तरफ जहां सरकार गरीबों को मुफ्त राशन दे रही है तो कोटेदार गरीबों को मिलने वाले राशन पर डाका डालने में जुटे हुए हैं। जामो ब्लाक के लखना बसंतपुर गांव में कोटेदार द्वारा राशन तौलने के दौरान एक किलो का बांट लगाकर तौला जा रहा है। कोटेदार द्वारा की जा रही घटतौली की शिकायत ग्रामीणों ने प्रशासन से की है, जिसके बाद सम्बंधित विभाग के अधिकारी गांव जाकर जांच करने में जुटे हुए हैं। दअरसल, ये पूरा मामला जामो ब्लाक के लखना बसंतपुर गांव का है। जहां गांव में कोटा नहीं है। कोटे को पड़ोस के गांव गोपालपुर से संबंध किया गया है और कोटेदार रीना देवी है, लेकिन कोटे के संचालन उनके ससुर रामकुमार द्वारा किया जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार जब राशन देता है तो एक किलो राशन काट लेता है। इसके अलावा जब केवाईसी की जाती है तो उसमे भी पर यूनिट 20 रुपए चार्ज किया जाता है।

केवाईसी करने वाला शिवकुमार पासी है जो पैसे लेता है जबकि इसका एक रुपए भी नही लगता है। ग्रामीणों ने कोटा को गांव में संचालित करने के साथ ही कोटेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

भेड़ों की मौत के बाद दिखा जंगली जानवर

सुल्तानपुर में वन्यजीव को देख फैली दहशत, कुड़वार में सियार के हमले में बछिया की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर, सुल्तानपुर के कई थानाक्षेत्रों में वन्यजीव के हमले से दहशत का माहौल है। करौदीकला में शनिवार को आठ भेड़ों की मौत के बाद आज देवराजपुर में जंगली जानवर के दिखने से हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम कॉम्बिंग कर रही है। उधर कुड़वार के ऊंच गांव के पूरे हीरालाल में जंगली सियार ने एक बछिया को मार गिराया है। इसके पहले मोतिगरपुर के कई गांवों में जंगली सियार ने दर्जनों लोगों को घायल किया। करौदीकला के मूसेपुर गांव में रात बाग में बंधी भेंड़ों पर सियार ने हमला कर 8 को मौत के घाट उतार दिया था। पीड़ित दूधनाथ पाल, सभालाल पाल, हीरालाल पाल ने बताया कि बीती रात भेंड़ों को घर से लगभग 400 मीटर दूर बाग में बांधा गया था। रात में कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर नींद खुली तो मौके से 8 जानवर नदारद थे। कुत्तों के भौंकने वाले स्पॉट पर जाने पर पता चला कि 8 जानवरों की सियार के हमले से बुरी तरह से मौत हो गई थी। सभी भेड़ों का पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं आज सुबह थाना क्षेत्र के देवराजपुर गांव में तालाब के किनारे जंगली जानवर चहलकदमी करते दिखाई दिया। ग्रामीणों ने जिसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। ग्रामीणों के मुताबिक भूरे रंग के जंगली जानवर दिखने पर वन विभाग को सूचना दी गई है। जिसके बाद टीम ने यहां पहुंचकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। उधर कुड़वार के ऊंचगांव के पूरे हीरालाल मे रामनरेश तिवारी उर्फ नन्हे तिवारी के यहां आज तड़के जंगली सियार के काटने से लगभग 1 साल की बछिया की मौत हो गई। रामनरेश के बेटे राम आशीष गाय को चारा देने के लिए गया तो देखा कि गाय का बछड़ा मरा हुआ पड़ा था और बछड़े के पीछे वाले भाग को जंगली जानवर ने नोच-नोच कर खाया था। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के रेंजर अधिकारी राजकुमार मौर्य, वन दरोगा दिवाकर पांडे, बीट इंचार्ज विजय बहादुर सिंह, मुंशी दूधनाथ यादव व अन्य वन अधिकारी पहुंचे। रेंजर राजकुमार मौर्य ने बताया सियार द्वारा नोच कर खाया गया है, क्योंकि पद चिन्ह की उसी के मिले हैं सियार की पुष्टि होती है।

गणपति विसर्जन के दौरान नदी में बहे 4 युवक

- स्थानीय गोताखोरों ने एक को बचाया, 3 की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार

रामपुर, रामपुर के स्वार थाना क्षेत्र में गणपति विसर्जन के बाद कोसी नदी में नहाने गए 4 युवक तेज बहाव में बह गए। गोताखोरों ने एक युवक को बचा लिया, लेकिन तीन अन्य की तलाश अभी जारी है। एसडीआरएफ और प्रशासनिक टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। रामपुर जिले के स्वार थाना क्षेत्र में गणपति विसर्जन के दौरान रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। कोसी नदी के गिरजा मंदिर के पास गणपति विसर्जन के बाद नहाने गए चार युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। स्थानीय गोताखोरों की त्वरित कार्रवाई से एक युवक को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन तीन युवक अब भी लापता हैं। रेस्क्यू टीम और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर मौजूद है, लेकिन देर रात तक युवकों का कोई सुराग नहीं मिल सका। तीनों लापता युवक उत्तराखंड के काशीपुर के निवासी हैं। दक्ष (17), विकास (18) और नागेश (18) अपने दोस्तों के साथ गणपति विसर्जन के बाद नदी में नहाने पहुंचे थे। इसी दौरान दक्ष का पैर फिसल गया, और जब उसके दोस्त उसे बचाने की कोशिश कर रहे थे, तो वे भी पानी के तेज बहाव में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का मुआयना किया और लोगों से अपील की कि वे नदी के किनारे न जाएं। प्रशासन ने नदी के किनारों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती बढ़ा दी है और लोगों को पानी से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। देर रात एनडीआरएफ और पुलिस की टीमों ने बचाव अभियान चलाया, लेकिन तेज बहाव और अंधेरा होने के कारण उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। अब सुबह होते ही एनडीआरएफ की टीम द्वारा दोबारा से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

अवैध पटाखा विस्फोटक सामग्री समेत युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में अवैध तरीके से बनाए जा रहे विस्फोटक सामान से हुए विस्फोट के कारण कई लोगों की जान चली गई पुलिस सचेत हुई उसने छापेमारी करते हुए अवैध पटाखा विस्फोटक समान सहित युवक को गिरफ्तार किया बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तेवरिया निवासी अबरार पुत्र असलम अवैध पटाखा बनाने व बेचने का कार्य कर रहा था पुलिस क्षेत्र की खुफिया रिपोर्ट के आधार पर मौके पर जाकर छापा मारा जिसमे भारी मात्रा में अवैध पटाखा विस्फोटक सामान मौके से बरामद किया व अभियुक्त अबरार को भी गिरफ्तार कर विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया इसके पहले क्षेत्र में अवैध विस्फोटक सामग्री बनाने वह बेचने में हुए विस्फोट से कई लोगों की जाने जा चुकी है।

भतीजे ने चाचा के खाते से निकाले 20 लाख रुपए

- पीड़ित बोला- यूपीआई का यूज कर निकाले पैसे, पूछने पर जान से मारने की धमकी दी

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ में थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखेड़ा मुरादाबाद निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर 20 लाख 70 हजार 500 रुपये निकलने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सिखेडा-मुरादाबाद निवासी राजकुमार ने बताया कि कस्बे के एक बैंक में उनका बचत खाता है। जिसमें करीब 21 लाख रुपए थे। वह घरेलू खर्चे के लिए बैंक से रुपये निकालने गया। तब वहां पर पता चला कि उसके खाते में रुपए ही नहीं हैं। खाते में रुपए नहीं होने की जानकारी से उनके होश उड़ गए। पीड़ित का आरोप है कि उसके भाई और भतीजे ने यूपीआई का इस्तेमाल करके उनके खाते से 20 नवंबर 2023 से 12 मार्च 2024 तक कई बार में करीब 20 लाख 77 हजार 500 रुपये निकाल लिए। पीड़ित मोबाइल का कम प्रयोग करता है। इसलिए उसे इस बारे में कोई सूचना नहीं मिल पाई। इस संबंध में पीड़ित ने अपने भाई बालेश्वर और भतीजे आकाश से जानकारी की तो आरोपियों ने साफ मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

सहजनवा तहसील क्षेत्र के पाली पिपरौली सहजनवा में अवैद्य तरह संचालित हो रहे हॉस्पिटल, पैथोलॉजी, व अल्ट्रासाउंड सेंटर

फर्जी प्राइवेट अस्पताल व पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटरो का कुकुर मुत्तेकी तरह भरमार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र के पाली, पिपरौली, सहजनवा ब्लॉको में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अगल बगल के थोड़ी ही दूरी पर लगभग 1 से 2 किलोमीटर के दायरे में जगह-जगह प्राइवेट अस्पताल अवैध तरह से संचालित हो रहा है। और पैथोलॉजी लैब खोली गई और इनकी संख्या में तेजी से इजाफा भी होता जा रहा है। बिना रजिस्ट्रेशन हुआ अधिकृत मान्यता न होने के बावजूद संचालित हो रही पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड लैब की जानकारी होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदार कार्रवाई नहीं कर रहे हैं अगर देखा जाए दर्जनों से अधिक की संख्या में पैथालॉजी व लैब संचालित हो रहा है वहीं कुछ लैब टेक्निशियनों द्वारा भी पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड लैब चलाए जा रहे हैं लेकिन अधिक संख्या में वैसे पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड लैब फर्जी तरीके से संचालित हो रहे हैं तीनों ब्लॉको, में फर्जी पैथोलॉजी व लैब, सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व नगर पंचायत सहजनवा घघसरा बजार व पिपरौली बजार के आसपास कुकुरमुत्ता की तरह प्राइवेट अस्पताल भी संचालित हो रहा है। जो की स्वास्थ्य विभाग पैरामीटर की विपरीत के मानक की धज्जियां उड़ाते दिखाई दे रहा है। के प्राइवेट अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के किसी भी मानक को पूर्ण रूप से पूरा नहीं करता। अगर देखा जाए जहां एक तरफ मरीजों का

आर्थिक शोषण होता है वही उनके द्वारा किए गए जांच की गलत रिपोर्ट होने से मरीजों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता हैं। और जांच कर रहे हैं और रिपोर्ट भी बना कर दे रहे हैं। इतना ही नहीं उस रिपोर्ट पर किसी डॉक्टर का हस्ताक्षर ले लेते हैं यह डॉक्टर कौन होता है कौन नहीं जानता सभी की रिपोर्ट में किसी न किसी डॉक्टर का हस्ताक्षर रहता है जबकि ऐसे कई जांच है जो सिर्फ एमडी पैथोलॉजी ही कर सकते हैं। केवल अस्पताल के कुछ दूरी पे ही दर्जनों ऐसे लैब संचालित है जिन पर कहीं कोई साइन बोर्ड तक नहीं लगा है यह डॉक्टर के पास कार्यरत स्टाफ की मिली भगत से मरीज को लैब तक लाते हैं पाली ब्लॉक में कुछ ऐसे पैथोलॉजी लैब भी चल रहे हैं जो किसी ऐसे डॉक्टर के नाम पर रजिस्टर है जो यहां तक रहते नहीं है उन लैब से नौसीखिए खून निकल रहे हैं। अगर सूत्रों की माने की तो दूसरी तरफ मरीज को बरगला बहला फुसला कर अस्पताल पर कार्यरत कुछ आशा भी उनके साथ जमकर खिलवाड़ करती हैं। वही आए हुए मरीज बधे कमीशन वाले पैथोलॉजी व प्राइवेट अस्पतालों पर जाने पर मजबुर हो जाते है और आशा बड़े ही शौक से मरीजों को भेजने का कार्य करती हैं। इतना ही नहीं सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फर्जी स्वास्थ्य कारोबारियों की भी गुर्गे भी सुबह से लेकर शाम के तक अस्पतालों में डेरा जमाए रखते हैं। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रा पर पाली अस्पताल के ओपीडी के पास सीसी कैमरा भी नहीं लगा है। अगर सीसी कैमरा लगा होता है तो दलालों का पोल खुल ने में तनिक भी देरी नही होता सारा कारनामा स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारों के सामने होता। अवैध तरह से संचालित हो रहे प्राइवेट पैथोलॉजी व प्राइवेट अस्पताल व लैब में जहां पर मरीजों का जमकर शोषण किया जाता है। और मनमानी तरीके से भारी रकम भी वसूले जाते हैं अगर सूत्रों के माने हो रहे अवैध प्राइवेट अस्पताल व पैथोलॉजी लैब को कुछ डाक्टर व कुछ आशा के भरोसे संचालित करने में पूर्ण रूप से भरपूर सहयोग मिलता है। यहां तक कुछ सरकारी डॉक्टर भी प्राइवेट क्लीनिक चलाने में बेहतर तरीके से सफल दिख रहे है। दूसरी तरफ सरकारी अस्पतालों पर सुबह से ही दलालों का ताता लगा रहता है आते ही मरीजों को अपने-अपने पैथोलॉजी व लैब पर ले जाने की तैयारी में जुटे रहते हैं दलाल अब देखना है की स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियां को किस तरह निभाते हैं। इन अवैध स्वास्थ्य कारोबारियो पर कार्रवाई करते हैं। या फिर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने के लिए संचालित होने देंगें। वही संदर्भ में गोरखपुर के सीएमओ डॉक्टर आशुतोष दुबे से जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि जल्द ही इक नई टिम गठित कर अवैध तरह से संचालित हो रहे प्राइवेट अस्पताल व पैथोलॉजी व लैब पर कारवाई की जाएगी।

संक्षेप

अनियंत्रित टेलर ने दंपति को रौदा, पति की मौत, पत्नी घायल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पहले अनियंत्रित टेलर ने ठेले में ठोकर मार दिया जिसमें पति की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज जिल। अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी से रामचंद्र 35 वर्ष निवासी मालनपार अपनी पत्नी रीना 30 वर्ष के साथ सहजनवा में ठेले पर कबाड़ बेचने का कार्य करता था। अपराह्न ढाई बजे के करीब वह अपनी पत्नी को ठेले पर बैठाकर फोरलेन विपरीत दिशा में पार कर रहा था। उसी दौरान वह टेलर के चपेट में आ गया। जिससे पति की मौत हो गई। और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और टेलर को भी कब्जे में ले लिया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ का मिला शव

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र के नंदापार में स्कूल के पीछे एक अधेड़ का शव पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से नंदापार निवासी राम अचल पुत्र रामप्रित 50 वर्ष चार भाईयो में सबसे बड़ा था। तीनो भाई पंजाब रहकर मजदूरी करते है। मृतक घर पर रहता था। जिसकी शादी नही हुई थी। दोपहर के करीब मृतक की चाची स्कूल के पीछे गई तो अधेड़ मृतक अवस्थाद पड़ा था। उसके शोर मचाने के बाद ग्रामीण जुट गए। और अधेड़ की पहचान करने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फंदे से लटका मिला युवती का शव

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बड़गों निवासी कुमारी प्रियंका 22 वर्ष पुत्री हरिराम गौतम का शव मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची फोरंसिक टीम व पुलिस मामले की जांज-पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय गोरखपुर भेज दिया है। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया कि- हम पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गये थे। घर पर वह अकेली थी, वहां से फोन किया तो पता चला कि उसका फोन बंद है। उसकी सहेली से फोन कर पता किया, तो वह छत की कुंडी से लटकी थी।

बीड़ीओ ने ब्लाक कर्मियो को दिलाई स्वच्छता की शपथ

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। विकास खण्ड सहजनवा मुख्यालय पर मंगलवार को स्वछता ही सेवा का शपथ खण्ड विकास अधिकारी सत्य काम तोमर साथ रामधारी प्रसाद सहायक विकास अधिकारी एवं जितेन्द्र कुमार गुप्ता खण्ड प्रेरक स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा दिलाया गया। स्वच्छता ही सेवा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 चलेगा, जिसमे ग्राम पंचायतो में स्वच्छता ही सेवा (स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता) का जिसमें ग्राम पंचायतो में सफाई एवं जागरूकता, स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वच्छता के संदेश को प्रचारित एवं प्रसारित रैलीयो का कार्यक्रम किया जायेगा, इस दौरान सचिव अभय कुमार, लोकेश कुमार, हेमंत सिंह, विनय कुमार, खण्ड प्रेरक रवि गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्याम मुरारी कुशवाहा, हरिओम सिंह अश्वनी सिंह, रवि प्रताप, धनुषधारी इंद्रजीत एवं सफाई कर्मचारी एवं कार्यालय के लोग शपथ में उपस्थित रहे।

आईटीएम गीडा में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेन्ट गीडा डा गोरखपुर में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन यात्रिंकी विभाग मे विभागाध्यक्ष विनीत राय और शिक्षक गण और छात्र छात्राओं के द्वारा

किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के निदेशक डॉ एन के सिंह, डां पीडी पांडा, डॉ डॉ आर एल श्रीवास्तव, डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्र, डॉ एस के पाण्डेय, डॉ आशुतोष पान्डेय, शंभू नाथ पांडेय, ज्ञान प्रताप सिंह, संजय श्रीवास्तव, ए के सिन्हा सहित समस्त लोग उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थित में विवाहिता का कमरे के रोशनदान में लटका मिला शव

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महुअपार में एक विवाहिता का शव कमरे रोशनदान से फंदे से लटका हुआ था। मौके पर फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर अपनी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस अभी हत्या या आत्म हत्या के बारे में कुछ भी बताने से इंकार किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिहापार निवासी धर्मेंद्र निषाद की 23 वर्षीय बेटी आंचल ने एक वर्ष पूर्व सजातीय प्रेम विवाह महुआपार निवासी उमेश पुत्र कर्मचंद के साथ मंदिर में किया था। उमेश चार भाइयों में दूसरे नंबर का है। शादी के बाद से आंचल ससुराल में ही रह रही थी। मृतका के चाचा अजय निषाद ने बताया कि आंचल दो भाईयों के बीच में थी। विधि का विधान मानकर हम लोगो ने स्वीकार कर लिया। लेकिन शादी के दौरान वधू पक्ष का कोई नही गया था। अजय ने बताया कि कुछ दिन तक सब ठीक ठाक रहा। लेकिन इसके बाद इसका पति उमेश काफी प्रताड़ित करता था। आज सुबह नौ बजे हम लोगो को सूचना मिली तो यहां आए। मृतिका दो मंजिले मकान में एक कमरे में पति के साथ रहती थी। इसी में खाना बनाने तथा सोने दोनो काम होता था। पति उमेश ने बताया कि सुबह मैं चौराहे पर करीब 8 बजे गया था। और 9 बजे वापस आया। इसी दौरान इसने आत्महत्या कर लिया। जबकि परिस्थितियां हत्या के तरफ संकेत कर रही थी। जिस कमरे में रोशन दान से लटकता शव मिला था। उसी कमरे में सीलिंग फैन भी था। जिसकी पत्तियां टेढ़ी और रॉड भी और प्लास्टिक कवर भी टेढ़े हो गए थे। फोरेंसिक टीम ने कमरे के बाहर खून की कुछ बूंदों तथा बाहर पड़े दुपट्टे को भी रिजर्व कर लिया है। उसके पेट में गर्भ भी था। लेकिन कही अंदुरूनी चोट के निसान जांच में नही पाए गए। पुलिस मृतका के पति उमेश को अपने साथ ले गई। इस बारे में थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने कहा कि पीएम के बाद आगे की कारवाही की जायेगी।

आईजीएल में धूमधाम से मनाया गया भगवान विश्वकर्मा पूजा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाइकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन एवं प्लांट हेड शैलेंद्र पांडेय के नेतृत्व में धूमधाम से परिसर में भगवान विश्वकर्मा का वैदिक मंत्रोचार से पूजन हवन कराया गया। एस के शुक्ल ने बताया की भगवान विश्वकर्मा को संसार का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना गया है। और विश्वकर्मा पूजा के दिन विशेष तौर पर औजारों, निर्माण कार्य से जुड़ी मशीनों, दुकानों, कारखानों आदि की पूजा की जाती है। जिससे भगवान की कृपा बनी रहती है। प्लांट हेड शैलेंद्र पाण्डेय ने बताया की शास्त्रों के अनुसार ब्रह्माजी ने इस संसार की रचना की थी। सहायक प्रबंधक प्रशासन अखिलेश कुमार शुक्ल ने बताया की प्लांट परिसर में विभिन्न स्थानों पर पूजन किया गया जैसे टेट्रा में आशीष गुप्ता जी ने किया बॉटलिंग में धर्मेन्द्र मलिक, आनंद सिंह ने किया, सबस्टेशन में रजनीकांत पांडे, जगदीश धाकड़, वर्कशॉप में हृदेश त्रिपाठी, बॉयलर में एके सिंह, इत्यादि द्वारा पूजन किया गया। कार्यक्रम में आईजीएल के सभी कर्मयोगी उपस्थित रहे।

मातृत्व दिवस के अवसर पर सैकड़ो महिलाओं की हुई जांच

तीन दशक से अधिक महिलाओं ने अल्ट्रासाउंड के लिए कराया पंजीकरण

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली परिसर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप आयोजित किया गया अस्पताल अंतर्गत पहुंची एक सैकड़ा से अधिक महिलाओं की नियमित जांच की गई वहीं लगभग 32 महिलाओं ने अल्ट्रासाउंड के लिए पंजीकरण कराया जानकारी लेने पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने बताया कि यह कैंप महीने में चार बार विभिन्न तरीकों से लगाया जाता है जिसमें महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं की अनेक उत्तम जानकारियां देते हुए जांच तथा उपचार किया जाता है मौके पर पहुंची महिलाओं का महिला चिकित्सक डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव द्वारा जांच

की गई वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण चिकित्सा अधीक्षक ने बताया की इन पंजीकृत महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए चौडगरा एवं बिंदकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जाएगा जहां महिलाओं का निशुल्क अल्ट्रासाउंड संपन्न होगा चिकित्सकों ने बताया कि महीने मैं चार बार लगा लगने वाले इस कैंप में चिकित्सकों समेत स्वास्थ्य कर्मी तथा आशा कार्यकत्रियों का सराहनीय सहयोग रहता है इन्हीं सभी के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आज प्रदेश में 33 वां स्थान प्राप्त करते हुए गौरवांन्वित हो रहा है इस मौके पर डॉक्टर सुनील शर्मा अभय प्रताप सिंह डॉक्टर संदीप गुप्ता विनीता सचान शीलम उमराव लैब टेक्नीशियन विकास समेत आशा कार्यकत्रियां एवं स्वास्थ्य कर्मी आदि मौजूद रहे

संदिग्ध परिस्थितियों में राजगीर की मौत, मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी कस्बे में घर के अंदर एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। परिजनों को जब जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पुरानी बिंदकी के रुरवा में मंगलवार की सुबह लगभग 5 बजे दिलीप कुमार सोनकर उम्र लगभग 40 वर्ष की विषम परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया जिनका रो-रो कर हाल-बेहाल हो गया, चींख-पुकार सुनकर मोहल्लेवासियों की मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर कोतवाली बिंदकी के सीनियर सब इंस्पेक्टर सत्यदेव गौतम, कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक नीरज कुशवाहा अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस ने परिजनों तथा मौजूद अन्य लोगों से पूछताछ किया। पुलिस ने मृतक को कब्जे में लेकर पंचनामा भरके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक राजगीर मिस्त्री था। मामले में कस्बा इंचार्ज नीरज कुशवाहा के अनुसार मृत्यु होने का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। वहीं भाजपा सभासद अनिल कुमार उर्फ सूर्या सोनकर ने मौके पर पहुंचकर बिलखते परिजनों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया।

नहर पुल के पास तैरता मिला बच्चे का शव

अमन लेखनी समाचार

बकेवर/ फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई रामगंगा नहर पुल के पास से एक बच्चे का पानी में तैरता शव मिला है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार नहर के पास से गुजर रहे ग्रामणों ने नहर में बहता शव देखा तो पीआरवी 112 पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद तत्काल मुसाफा पुलिस चौकी प्रभारी राकेश चंद्र पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी निरीक्षक बकेवर कांती सिंह ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पायी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर भेजा गया है। शव की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है। बच्चा सफेद शर्ट और नीली जींस पैंट पहनने था।

एडु लीडर्स अवार्ड से सम्मानित हुए जनपद के पांच शिक्षक

हेमा फाउंडेशन एवं एडु लीडर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ समारोह

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर में स्थित जिंजर होटल में आयोजित आर आर ग्लोबल एडुलीडर्स सम्मान समारोह में जनपद के पांच शिक्षकों ने परचम लहरा कर संपूर्ण जनपद का गौरव बढ़ाया आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश सरकार के लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह समेत अन्य अतिथियों की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सम्मान समारोह कार्यक्रम अंतर्गत जनपद के पांच शिक्षक डायट प्रवक्ता विनय कुमार मिश्र बेसिक शिक्षा विभाग के एस आरजी राधेश्याम दीक्षित एडुलीडर्स फतेहपुर के कोएडमिन जितेंद्र कुमार (खजुहा) शिक्षा जगत को नया कीर्तिमान स्थापित करने में सराहनीय योगदान प्रदान कर रही प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर विकासखंड मलवां की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला तथा दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज लतीफपुर के प्रवक्ता ललित मोहन द्विवेदी के सराहनीय कार्यों से ओतप्रोत होकर आयोजित कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए आर आर एडुलीडर्स संस्थान ने कर्म योगी सम्मान से सुशोभित किया देश के एक बड़े कार्यक्रम में जनपद के पांच शिक्षकों ने शिक्षा जगत को एक नया आयाम देते हुए ऊंचाई पर पहुंचा कर सम्मान प्राप्त किया जिससे संपूर्ण जनपद गौरवान्वित हुआ कार्यक्रम में मौजूद फिल्म इंडस्ट्री के प्रसिद्ध हस्ताक्षर पद्मश्री मनोज जोशी भारतीय जनता पार्टी के असम राज्य प्रभारी एवं सांसद हरीश द्विवेदी समेत प्रदेश के सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से फतेहपुर के सभी शिक्षकों का भव्य स्वागत किया वही हेमा फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक महेंद्र भाई काबरा ने भी जनपद के बारे में अपने मुखारविंदु से सराहना करते हुए सम्मानित शिक्षकों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर संपूर्ण भारतवर्ष के एससीईआरटी डायट माध्यमिक बेसिक अध्यापक प्रवक्ता एवं प्रधानाध्यापक सम्मानित हुए वहीं सूचना मिलते ही जनपद की बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी सभी खंड शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षकों ने भी सम्मानित हुए अपने सभी पांचो शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता जाहिर की

बुलंदशहर में आकाशीय बिजली ने मचाई तबाही, ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त

विद्युत आपूर्ति 4 घंटे तक बाधित, नए ट्रांसफॉर्मर लगवाकर कराया आपूर्ति की सप्लाई

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर के स्याना तहसील क्षेत्र में हाल ही में आई आकाशीय बिजली ने कई गांवों में नुकसान पहुंचाया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो गए। खड़ मोहन नगर में

250 केवीए और मंडोना जाफराबाद में 100 केवीए के ट्रांसफार्मर खास तौर पर प्रभावित हुए। विद्युत विभाग की टीम ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को बदलने की कार्रवाई की। इस दौरान, विद्युत आपूर्ति करीब 4 घंटे तक बाधित रही। विद्युत विभाग के जेई ने जानकारी दी कि आकाशीय बिजली गिरने के कारण ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो गए थे। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए नए ट्रांसफॉर्मर लगाए और आपूर्ति को सुचारू किया। विभाग ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने के कारण हुए नुकसान की पूरी समीक्षा की जा रही है और भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए अतिरिक्त प्रबंध किए जा रहे हैं।

जमीन से निकली मूर्ति के दर्शन हेतु उमड़ा जन सैलाब

क्षेत्र वासियों ने मंदिर के अवशेष हेतु जिलाधिकारी से खुदाई की लगाई मौखिक अपील

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। बिंदकी तहसील के ग्राम डुंडरा के समीप स्थित श्री गौरीशंकर मंदिर के पास खेत में चल रहे समतलीकरण के दौरान मिली एक प्राचीन शंख चक्र गदा पद्म धारण किए भगवान-विष्णु की मूर्ति मिलने के बाद से वहाँ श्रद्धालुओं का मेला लगा हुआ है। खेत समतलीकरण के दौरान मिली भगवान- विष्णु की मूर्ति को कुछ जानकारों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक ग्यारहवीं शताब्दी के आसपास की हो सकती है बताया गया है। क्षेत्रीय लेखपाल सीताराम द्वारा राजस्व प्रशासन को दी गई रिपोर्ट के अनुसार बीते दिन मध्याह्न 2.30 बजे सरला सिंह पत्नी अखिलेश सिंह के खेत में उनके भतीजे मुन्ना सिंह की देखरेख में जेसीबी से समतलीकरण का काम चल रहा था उसी दौरान जमीन के अंदर से एक तीन फुट की

भगवान- विष्णु की मूर्ति मिली है। ग्राम प्रधान गोरेलाल ने बताया कि बीते दिन खेत में समतलीय के दौरान मिली भगवान- विष्णु की मूर्ति फिलहाल सरलता सिंह के भतीजे मुन्ना सिंह गौतम के डुंडरा स्थित घर के बरामदे में रखी गई है। जहाँ मूर्ति को देखने वालों का तांता लगा हुआ है। ग्रमीण महिलाएं पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन कर रही है। आसपास के लगभग दो दर्जन गांवों के स्त्री पुरुष बच्चे मूर्ति के दर्शन के लिए गाँव पहुंच रहे हैं। ग्रामीण चाहते हैं इस दुर्लभ भगवान- विष्णु की मूर्ति को श्री गौरीशंकर मंदिर में ही स्थापित की जाए जिससे श्री गौरीशंकर मंदिर आने वाले श्रृद्धालु भक्त दर्शन कर सकें।

पुरातत्व विभाग द्वारा होनी चाहिए जांच

मूर्ति कितनी पुरानी है इसकी जानकारी करने के जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह से स्थानीय लोगों ने मांग की है कि परात्व विशेषज्ञों को बुलाकर अध्ययन कराया जाए। साथ ही यह भी जानकारी हो सके कि क्या इस स्थान पर कोई भगवान- विष्णु का मंदिर भी था। समतलीकरण के दौरान पुरानी ककई ईंटें भी निकल रही है जिससे मंदिर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पुरातत्व विभाग द्वारा मूर्ति जहाँ मिली है अगर उस स्थान की खुदाई कराए तो और भी अवशेष मिल सकते हैं।

डीएम ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गौरीगंज पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में 04 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में निरीक्षक जिलेदार यादव थाना गौरीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन व तलाश वांछित के दौरान मुखबिर की सूचना परबीएनएस में वांछित अभियुक्तों वैभव विक्रम सिंह 2. निर्भय सिंह विपुल सिंह आकाश सिंह निवासीगण ग्राम राघीपुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को काजीपट्टी तिराहा के पास से ।गिरफ्तार किया गया इस संबंध में गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण गतिविधियों का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत बाजार शुकुल के महोना सेक्टर की सभी केंद्र पर आ०वा०केंद्र पर गर्भवती/ धात्री माताओं को प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद की तैयारी कैसी हो के विषय पर चर्चा की गई कि गर्भधारण के दौरान 360 आयरन गोली और 360 कैल्शियम गोली खानी है 180 गर्भकाल के दौरान और 180 गोली प्रसव के बाद, 06 माह तक केवल मां का दूध, पानी की एक बूंद भी नही।06 माह बाद मां के दूध के साथ अनुपूरक आहार दिया जाना आवश्यक है जिससे बच्चे का विकास सही तरीके से हो सके। सभी अभिभावकों से अपील की गई कि अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे का वजन आंगनवाड़ी केंद्र पर अवश्य कराए जिससे बच्चे के पोषण स्तर की पहचान हो सके। परियोजना बाजारशुकुल में सीडीपीओ धर्मेंद्र गौतम की देख रेख में पोषण रैली का आयोजन किया गया

विकास की तरफ अग्रसर ग्रामसभा हरखूमऊ

विधायक में किया भूमि पूजन, पूरे गांव की सड़क पक्की

अमन लेखनी समाचार

अमेठी का हरखूमऊ गांव विकास की नई परिभाषा लिख रहा है। ग्राम प्रधान राकेश शर्मा के नेतृत्व में यह गांव विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बीते शनिवार को गांव में 4 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत से बनने वाले कस्तूरबा आवासीय बालिका इंटर कॉलेज का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी ने कॉलेज की आधारशिला रखी।भूमि पूजन के साथ ही लाखों रुपये की लागत से निर्मित अमृत सरोवर का उद्घाटन भी किया गया। इसके अलावा, 400 मीटर लंबी पक्की सड़क का भी शुभारंभ हुआ। गांव में 11 हजार विद्युत लाइन, प्लस एलटी लाइन और ट्रांसफार्मर की स्वीकृति भी मिल चुकी है। एएनएम सेंटर की भी स्वीकृति दी गई है, जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर मिल सकेंगी।

ग्राम प्रधान राकेश शर्मा का बयान

ग्राम प्रधान राकेश शर्मा ने बताया, ₹जिस विश्वास और उम्मीद के साथ जनता ने मुझे चुना है, मैं 24 घंटे काम करते हुए उस पर खरा उतरने की कोशिश कर रहा हूं। मेरे लिए ग्राम सभा का सर्वांगीण विकास और ग्रामवासियों की खुशहाली प्राथमिकता है ।₹ उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम सभा की सभी सड़कों को कीचड़ मुक्त कर पक्का बनाया जा चुका है।

ग्रामीणों बोले–विकास की राह पर हरखूमऊ

ग्राम सभा के निवासी सुभम और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान राकेश शर्मा के नेतृत्व में गांव का विकास तेजी से हो रहा है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का पूरा लाभ ग्रामीणों तक पहुंच रहा है। ग्रामसभा में सुंदर अमृत सरोवर का निर्माण हुआ है, जो गांव की शोभा बढ़ा रहा है। इसके अलावा, कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने एएनएम सेंटर की जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद जताई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा।

अधिकारियों ने किया निरीक्षण

ग्राम सभा में समय-समय पर क्षेत्र के अधिकारी निरीक्षण कर रहे हैं और ग्राम प्रधान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना कर रहे हैं। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है, जिससे गांव का सर्वांगीण विकास हो रहा

अलग अलग घटना में एक शिशु सहित महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। अलग-अलग घटना में एक शिशु सहित महिला की मौत हो गई।परिजनों द्वारा उन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया गया था।जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के तिलसरस गांव निवासी शिवशंकर के 6 माह के पुत्र की तबीयत बिगड़ जाने पर गांव के ही प्राइवेट डॉक्टर सत्यप्रकाश के यहां इलाज कराने ले गया।जहां शिशु को कोई आराम न मिलने पर वह नगर के सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया।जहां डॉक्टरों ने बालक को देखते ही मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया।वहीं क्षेत्र के गुसियारी गांव निवासी गुड़िया 35 वर्ष पत्नी रामबाबू की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा आनन फानन में मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया।पति रामबाबू ने बताया कि घर में तबियत बिगड़ जाने से अस्पताल लाए थे।उसके मुंह से झाग निकल रहा था। डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया है।

चकाडोरी आश्रम पर धूमधाम के साथ मनाया गया बुढ़वा मंगल उत्सव

गौशाला निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन

अमन लेखनी समाचार

गरौठा,झांसी। ककरवई के समीप स्थित सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम पर बुढ़वा मंगल उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में गौशाला के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। बुढ़वा मंगल के उपलक्ष्य में मंदिर में विराजमान श्री हनुमान जी महाराज का भव्य एवं विशेष श्रृंगार करते हुए भव्य झांकी सजाकर महाआरती की गई। महाआरती में बड़ी संख्या में भक्तजन सम्मिलित हुए। हजारों की संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासी भक्तों ने हनुमान जी महाराज एवं भगवान शिवजी के दर्शन करते हुए मंदिर के महंत राकेश दास जी महाराज से आशीर्वाद लिया। बुढ़वा मंगल के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में चल रहे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों श्री अखंड रामायण पाठ, सीताराम संकीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ का समापन उपरांत विधि विधान से हवन पूजन किया गया। तत्पश्चात प्रमुख समाजसेवी व उद्योगपति सुशील गुप्ता के पुत्र मयंक गुप्ता द्वारा मंदिर की खाली पड़ी जमीन पर गौशाला निर्माण हेतु विधि विधान से भूमि पूजन किया गया।इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर पुजारी बालकदास महाराज, महेशचंद्र बिदुआ, नगर पंचायत अध्यक्ष गरौठा अरुण कुमार मिश्रा ,ओमप्रकाश मिश्रा, राजीव गुप्ता,दिनेश अग्रवाल ,अरविंद्र कुमार हाटी वाले,कमलाकांत उपाध्याय, अंकित निगम उरई, गिरजानंदन दीक्षित, विनोद पाठक, सत्यप्रकाश तिवारी, दीपेश मिश्रा,सौरभ द्विवेदी सहित हजारों की संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

मौसम के बदलाव से वायरल बुखार का प्रकोप बढा

ओपीडी में मरीजों की संख्या बढी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। मौसम के बदलाव के चलते वायरल बुखार जमकर कहर बरपा रहा है। कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में मरीजों की संख्या 300 से बढ़कर 400 हो गई है। मंगलवार को 12 बजे तक दो सौ से ज्यादा मरीजों का उपचार किया गया था। ज्यादातर मरीज खांसी जुकाम बुखार से ग्रसित थे। मौसम में आए दिन हो रहे बदलाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ा है। उमस गर्मी से बेहाल होकर लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। वायरल बुखार का प्रकोप चारों तरफ दिख रहा है। कस्बे की ओपीडी में अचानक सैकड़ो मरीजों की संख्या बढी है। मंगलवार को ओपीडी में 12 बजे तक 200 से अधिक मरीजों का उपचार हो चुका था। पर्चा बनवाने के लिए लंबी लाइने लगी हुई थी। ओपीडी में मौजूद डा. तरुण पाल, डा. परवेज कादरी, डा. शमा परवीन ने बताया कि वायरल बुखार के अलावा खांसी जुकाम फोड़ा फुंसी पेट दर्द के मरीज बढे हैं। ओपीडी में मंगलवार को ढाई सौ से अधिक मरीजों का उपचार किया गया है। इसके अलावा इमरजेंसी में भी बुखार के मरीज आ रहे हैं।

अवैध शराब के मामले के वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत सुमेरपुर पुलिस ने अवैध शराब के मुकदमें के वारंटी अभियुक्त को देवगांव से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा है। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2021 के धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबन्धित वारंटी अभियुक्त रामनरेश पुत्र वेद प्रकाश निवासी देवगांव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनीष पटेल व कांस्टेबल अनुराग सिंह शामिल रहे।

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

रक्तदान शिविर का प्रभारी मंत्री ने फीता काट कर किया उद्घाटन

पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। राज्य मंत्री, जलशक्ति विभाग उत्तर प्रदेश/जनपद प्रभारी, मंत्री रामकेश निषाद ने आज अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत चौरा देवी प्रांगण में सफाई कर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया, तथा वृक्षारोपण कर किया तथा जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया एवं कहा कि सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं, इसके उपरांत डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पार्क में स्वच्छता पखवाड़ा जनजागरूकता के अन्तर्गत शपथ करायी गयी तथा सफाई कर्मियों को टूल किट का वितरण किया गया। इसके उपरांत उन्होंने भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काट कर उद्घाटन किया,तथा मरीजों से वार्ता कर उनका हाल.चाल जाना एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य सभा सदस्य बाबूराम निषाद, अध्यक्ष जिला पंचायत जयन्ती राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, विधायक सदर डॉ0 मनोज प्रजापति, विधायक (राठ) मनीषा अनुरागी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुलदीप निषाद, जिलाधिकारी घनश्याम मीना,पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्रधान संगठन के मंडल उपाध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

भरुआ, सुमेरपुर।राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के मंडल उपाध्यक्ष ने जिले के प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर सहुरापुर पंप कैनाल की मुख्य नहर पौथिया रजवाहा की साफ सफाई एवं मरम्मतीकरण की मांग की है ताकि समय रहते किसानों को निर्बाध रूप से सिंचाई हेतु पानी मुहैया हो सके।

मुख्यालय में आए जिले के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद को राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के मंडल उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान आनंद अशोक सचान ने ज्ञापन सौंपकर सहुरापुर पंप कैनाल की मुख्य नहर पौथिया रजवाहा की साफ सफाई मरम्मतीकरण की मांग की है। पूर्व प्रधान ने ज्ञापन में अवगत कराया है कि पौथिया रजवाहा से भकौल मौजा, दरियापुर महमूदपुर के किसानों को पानी मिलता है।इन मौजों की शाखाओं की हालत खस्ता है। लिहाजा 15 अक्टूबर के पूर्व इन शाखाओं की साफ सफाई मरम्मत कराकर किसानों को समय पर पानी मुहैया कराया जाए। प्रभारी मंत्री ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

धूमधाम के साथ जलविहार के लिए निकली राम राजा सरकार की शोभा यात्रा

द्वार – द्वार पर आरती उतारकर किया गया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा,झांसी।गरौठा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कचीर में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ जलविहार महोत्सव मनाया गया।

बड़ी संख्या में ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों ने श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना करते मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश कुमार तिवारी एवं महंत दुर्गेश गौतम का आशीर्वाद लिया।ग्राम के श्री रामराजा सरकार हनुमान मंदिर से भगवान के स्वरूपों को विमान में विराजमान कर सम्पूर्ण ग्राम का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम में जगह- जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। द्वार द्वार पर सभी ग्रामवासियों ने भगवान की आरती उतारी और पूजा अर्चना की। शोभा यात्रा में नागिन बैंड, ब्राश बैंड एवं बहरूपिया पार्टी के कालाकार भी सम्मिलित रहे जिन्होंने लोगों का खूब मनोरंजन किया । इस दौरान शांति व्यवस्था की दृष्टि से विनय कुमार साहू थाना प्रभारी निरीक्षक ककरवई एवं बाबूराम उप निरीक्षक पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।ग्राम भ्रमण के उपरांत भगवान का विमान श्री राम राजा सरकार मंदिर पहुंचा जहां विधि विधान से भगवान की आरती उतारी गई।इस मौके पर गरौठा विधायक जवाहर राजपूत के सुपुत्र राहुल राजपूत,ओम मित्र जन कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव, अवधेश सिंह फौजी,स्वतंत्र रिछारिया, रामवरण सिंह,अब्बू मुखिया अस्ता,नितिन मिश्रा सहित राम राजा सरकार कमेटी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी भक्तगण मौजूद रहे।अंत में भगवान को जलविहार कराने के लिए धसान नदी पर मछलीकाछ घाट ले जाया गया जहां भगवान को जलबिहार कराया गया ।रात्रि में गहरौली से आए कलाकारों द्वारा मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी जीतू सोनी डुमरई द्वारा फीता काटकर किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी भक्तगण मौजूद रहे।

आर आर एस आईएमटी में मनाई गई विश्वकर्मा जंयती

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जनपद के राजर्षि रणंजय सिंह इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी मुंशीगंज में मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ शशांक श्रीवास्तव ने आदि अभियंता भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना किया और उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मशीनों का भी सम्मान करना चाहिए।यह मानव जीवन को सरल बनाने में सहयोग प्रदान करती हैं। विश्वकर्मा जयंती पर पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया तथा भगवान विश्वकर्मा की कथा सुनाई गई। इस दौरान संस्थान के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को दी गयी चाभी व घड़ी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी द्वारा भुवनेश्वर ओडिशा से विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त के हस्तांतरण तथा आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 हेतु आवास प्लस एप लॉन्च कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित सहित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण के लाभार्थी गण मौजूद रहे। सजीव प्रसारण के उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 6 लाभार्थियों जिनके आवास पूर्ण हो गए हैं को प्रतीकात्मक चाभी व घड़ी का वितरण किया गया इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के ऐसे 15 लाभार्थी जिनके आवास पूर्ण हो गए हैं उनको चाभी व घड़ी तथा 26 ऐसे लाभार्थी जिनका प्रधानमंत्री आवास योजना में चयन हुआ है उनको स्वीकृति पत्र व घड़ी का वितरण किया गया।इसके साथ ही मा. प्रधानमंत्री जी द्वारा भुवनेश्वर ओडिशा से प्रधानमंत्री आवास योजना में चयनित लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त के रूप में रुपए 40000 की धनराशि अंतरित की गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, परियोजना अधिकारी डूडा विनोद कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व लाभार्थीगण मौजूद रहे।

गाजे बाजे के साथ हुआ श्री गणपति बप्पा जी का विसर्जन

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।कस्बे के रामलीला मैदान सजे श्री गणेश महोत्सव मण्डल रामलीला की गणेश प्रतिमा को धूमधाम के साथ कस्बे के गायत्री तपोभूमि तालाब में विसर्जित किया गया।पिछले दो दशकों से गणेश सेवा समिति कस्बे के रामलीला मैदान के गणेश प्रतिमा की स्थापना करती चली आ रही है।इस गणेश प्रतिमा की श्री गणेश महोत्सव मण्डल के दरबार के रूप में कस्बे में ख्याति है।मंगल को इस प्रतिमा का गाजे बाजे, रंग अबीर गुलाल उड़ाकर विसर्जन किया गया।कस्बे के प्रमुख मार्गो में भ्रमण के उपरांत गायत्री तपोभूमि के तालाब में विसर्जित किया गया।विसर्जन के दौरान समिति के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता आयुष ओमर, प्रवीण निगम, दीपक सिंह खंगार (समाजसेवी), शुभम दीक्षित, नवनीत, नरेशी, अच्चू शिवम ठाकुर, मनीष, नैतिक (ओम),सागर, यस, गोलू, निखिल, सुनील रामजी अवस्थी आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।विसर्जन के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

अस्पताल परिसर में झाड़ू लगाकर विधायक ने दिया संदेश

भाजपा विधायक ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर कई लोगों के साथ झाड़ू लगाकर की सफाई

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर।जनपद फतेहपुर के बिंदकी कस्बे मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल समेत कई लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई किया तथा मरीजों को फल भी बांटे गए। इस मौके पर भाजपा विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन की मौके पर सफाई अभियान चलाया गया है सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति सचेत रहना चाहिए मंगलवार की सुबह जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल पार्टी के पदाधिकारी कार्यकताओं तथा समर्थकों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर अपने साथियों के साथ मिलकर अस्पताल परिसर में झाड़ू लगाया और सफाई की कूड़े को डस्टबिन में भी डाला गया।इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वार्डों में भर्ती मरीजों को फल भी बांटे गए विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह से कहा कि सभी मरीजों का बेहतर इलाज होना चाहिए। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नेता तथा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकुमार साहू भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र दुबे भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष बिंदकी तथा विभव सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. – 9838159555, 9935457982
E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

सहेली

विशेष : अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस, 22 सितंबर

बेटियों को लेकर आज हमारे समाज में सोच काफी बदली है। अब वे माता-पिता के लिए बोझ नहीं, उनका संबल हैं, उनकी ताकत हैं। वे घर-परिवार की चहकती खुशियां हैं, फूलों-सी सुगंध हैं। बेटियां घर की रौनक हैं, उनके बिना घर में वीरानगी रहती है। इसलिए हम अपनी बेटियों को हमेशा प्यार-दुलार दें, मान-सम्मान दें।

आंखों का नूर होती हैं बेटियां

कवर स्टोरी

सरस्वती रमेश

हमारे घरों में बेटी का परिवार के साथ रिश्ता बहुत ही गहरा और मीठे एहसासों से भरा होता है। उसका नाता परिवार के सदस्यों के साथ ही नहीं, घर के कोने-कोने से होता है। उसे मालूम होता है, कौन-सी चीज कहां रखी है या रखना है, सहेजना है? मां की अलमारी में चीजों को तरतीब से लगाना, पिता के बिखरे सामान को सही जगह रखना, रसोई के बर्तन कायदे से रखना, घर को सजाना-संवारना, घर के गार्डेन के पौधों को पानी देना और त्योहारों की तैयारी करवाना, ये सारे काम बेटियां ही तो करती हैं। तभी तो बेटियों के बड़े होते ही मां के काम आधे हो जाते हैं। बेटी का घर में होना, मां के लिए सबसे बड़ा सुख है।



मां की सहेली हैं बेटियां

आज मांओं के लिए उनकी बेटियां सहेलियों की तरह हैं। जिनसे वो अपने मन की हर बात, हर परेशानी साझा करती हैं। उनसे परिवार के वित्तीय विषय या सेहत से जुड़ी बातों पर सलाह-मशविरा करती हैं। बेटियां भी सभी मसलों पर जिम्मेदारी से सलाह देती हैं। वे बढ़-चढ़ कर मां और मायके से अपने रिश्ते को जीवन भर निभाती हैं।

पापा की भी दुलारी

बेटियां सिर्फ मां की ही नहीं, पापा की भी दुलारी होती हैं। वे मम्मी-पापा की आंखों का नूर होती हैं। जिस तरह मम्मी-पापा बेटियों की फिक्र करते हैं, उनके सुख और खुशियों के लिए सब कुछ करते हैं, ठीक उसी तरह बेटियां भी अपने मम्मी-पापा की जरूरतों, उसकी सुविधाओं का खयाल रखती हैं। एक बेटी बड़ी होते ही अपनी मम्मी के साथ रसोई के कामों में उनका हाथ बंटाने लगती है। पापा के ऑफिस से आते ही तुरंत चाय बनाकर लाती है, उनकी मनपसंद का नाश्ता बनाती है। अगर पापा ज्यादा थके हैं तो उनका सिर भी दबाती है। किसी बात पर पापा ने डांट दिया तो बेटियां पल भर में डांट भूल कर उनसे ऐसे प्रेम से पेश आती हैं, जैसे कुछ हुआ ही नहीं। जीवन की भाग-दौड़ में या उम्र बढ़ने पर पापा-मम्मी अपना खयाल रखना भूल जाते हैं, तब यही बेटियां उनकी मां बन जाती हैं। पापा की दवाई, डाइट, एक्सरसाइज, डॉक्टर के साथ अपॉइंटमेंट, मनोरंजन, आउटिंग, कपड़े हर छोटी-बड़ी जरूरतों का ध्यान रखती हैं। बेटियां कभी अपने मम्मी-पापा को दुखी-परेशान नहीं देख सकतीं।

घर से होता है अनोखा रिश्ता

हमारे समाज में बेटियों को पराई कहा जाता है। लेकिन पराई कही जाने वाली यही बेटियां घर के हर सदस्य की सबसे ज्यादा हितैषी और आत्मीय होती हैं। बेटी के बिना किसी का एक दिन भी काम चलना मुश्किल हो जाता है। हर छोटी-बड़ी जरूरत पर मम्मी-पापा, दादा-दादी को अगर कोई याद आता है तो वह बेटी ही होती है। ये सभी उसी को आवाज देते हैं, क्योंकि जानते हैं कि उनकी बेटी ही सुनेगी, उनका काम खुशी-खुशी कर देगी। बेटी भी दिनभर सबकी जरूरतें पूरी करने के लिए इधर से उधर दौड़ती रहती है, बहुत प्यार से पूरी करती है। जब यही बेटी विदा होकर ससुराल जाने लगती है तो मां को लगता है उसका बहुत बड़ा सहारा जा रहा है। तभी तो बेटी की विदाई पर मां की आंखों के आंसू कई-कई दिनों तक सूखते नहीं। पापा की हिचकियां रुकती नहीं। दादा-दादी को लगता है, उनके बुढ़ापे की लाठी कहीं खो गई। बेटी की उपस्थिति से गुलजार रहने वाला घर उसके जाते ही वीरान-सा लगता है।

घर की रौनक होती हैं

बेटियां घर के आंगन में खिले गुलाब के फूल की तरह होती हैं। वे घर-परिवार की सुगंध, खुशहाली होती हैं। जिस तरह एक चांद पूरी धरती पर अपनी चांदनी बिखेर कर रोशन करता है, उसी तरह एक बेटी भी अपनी उपस्थिति से पूरे घर को रोशन कर देती है। बेटियां बारिश की शीतल बूंदों की तरह अपने मम्मी-पापा को शीतलता देती हैं। जहां बेटियां होती हैं, वहां घर के बड़ों के चेहरे पर इत्मीनान के भाव होते हैं, क्योंकि बेटियां घर की जिम्मेदारियों के प्रति बहुत संजीदा होती हैं। वे आगे बढ़कर जिम्मेदारियां लेती और निभाती हैं। ऐसी प्यारी और होनहार बेटियां सिर्फ डॉटर्स-डे पर ही नहीं, हमेशा प्यार-दुलार की हकदार हैं।

हां, बेटियां घर की रौनक होती हैं। इन्हें हम ऐसी परवरिश दें कि हमारी बेटियां सफलता की ऊंची उड़ानें भरें, आत्मनिर्भर-स्वावलंबी बनें, इन्हें एक पहचान मिले। वे मनचाहा मुकाम हासिल करें।

मेरी बेटियां ही मेरी ताकत हैं : दीपा मलिक

पैरालंपिक खेलों में मेडल जीतने वाली भारत की महिला खिलाड़ी दीपा मलिक कहती हैं, 'मेरे पास दोनों पैर नहीं हैं, लेकिन भगवान ने मुझे दो बेटियां दी हैं, जिनके पैरों से मैं दौड़ती हूं। मेरी बेटियां ही मेरी ताकत हैं, जिसके बूते मैं पैरालंपिक खेलों में मेडल जीत सकी हूं। हम सभी को अपनी बेटियों का महत्व समझना चाहिए। उन्हें पूरा प्यार देना चाहिए, पूरा मान-सम्मान मिलना चाहिए।'

जब बच्चा करे जिद तब ऐसे करें हैंडल

घर हो या बाहर किसी पब्लिक प्लेस पर बच्चे अकसर जिद करने लगते हैं, दूसरों के सामने पैरेंट्स की स्थिति बड़ी ऑकवर्ड हो जाती है। ऐसी स्थिति में बच्चों को रोकना या मनाना मुश्किल हो जाता है। डांटना भी सही नहीं रहता, इसका बच्चे पर गलत असर पड़ सकता है। बच्चा जब जिद करे, आप उसे कैसे संभालें, जरूरी सलाह।

बच्चे और आप

नीलम अरोड़ा

बच्चे अकसर घर या बाहर बाजार में अपने पैरेंट्स से जिद करते हैं। बाजार में हैं तो वे अपने लिए कोई ड्रेस, खिलौना या अपनी जरूरत की कोई चीज खरीदने के लिए अड़ जाते हैं, जो उनके पैरेंट्स के पसंद की नहीं होती या फिर उसे दिलवाना उनके बजट से बाहर होता है। लेकिन बच्चे तो बच्चे हैं, अपनी बात मनवाने के लिए अपने आस-पास खड़े लोगों की परवाह किए बगैर जिद करते हैं, 'हमें तो यह सामान चाहिए ही।' उनकी इस जिद से पैरेंट्स को एक शर्मिंदगी महसूस होती है। अगर आपका बच्चा भी ऐसे ही करता है, तो उसकी गलत डिमांड को पूरी करने की गलती ना करें। दूसरों के सामने उसका रोना-धोना देखकर दबाव में आकर उसकी जिद पूरी करना, बच्चे के ऊपर नकारात्मक असर डालता है, जो उसके व्यक्तित्व के विकास के लिए सही नहीं है।

बिल्कुल ना मानें जिद: जब बच्चा किसी बात के लिए जिद करे और आपने एक बार बच्चे की जिद पूरी कर दी तो उसे अपनी बात मनवाने के लिए हर बार यही तरीका अपनाने का एक रास्ता मिल जाएगा। अगर आपको लगता है कि वह जो बात मनवाना चाह रहा है, वह सही नहीं है और आपने उसे पहली बार में मना कर दिया है तो अपनी बात पर कायम रहें। उसकी जिद से पीछा छुड़ाने के लिए या दूसरों के सामने आपको शर्मिंदगी महसूस ना हो, इसके लिए अपनी ना को हां में कभी ना बदलें। आपके ऐसे व्यवहार से बच्चा एक-दो बार जिद करके अपनी जिद करने की आदत छोड़ देगा।

समझाएं नहीं: आपको यह लग सकता है कि यह कितनी अजीब सी बात है कि बच्चे को उसकी जिद के लिए समझाएं नहीं। हां, ऐसा ही करें। जब बच्चा जिद में हाथ-पैर पटकना शुरू कर देता है तो उस वक्त उसे आपकी कोई भी बात समझ में नहीं आती है, वह उसे सुन भी नहीं रहा होता है। इस स्थिति में बच्चे को समझाना बेकार है। ऐसे समय में उसे उसके हाल पर छोड़ दें, उसकी जिद पर ध्यान नहीं दें, क्योंकि अकसर बच्चे बड़ों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए भी ऐसा व्यवहार करते हैं। जब आप बच्चे की जिद पर ध्यान नहीं देंगी तो वह थोड़ी देर बाद स्वयं ही अपनी जिद छोड़ देगा।

सही नहीं डांटना-डपटना और पीटना: घर में हों या पब्लिक प्लेस पर, कई बार यह देखा जाता है कि पैरेंट्स अपने बच्चे को खामोश करने के लिए जोर-जोर से डांटना-डपटना शुरू कर देते हैं। यहां तक कि अपने बच्चों को मारने भी लगते हैं। याद रखें, बच्चे बहुत मासूम होते हैं। बच्चे को वैसे भी मारना नहीं चाहिए, किसी मेहमान के सामने या पब्लिक प्लेस पर तो बिल्कुल भी नहीं मारें। बच्चे चाहे कितने भी छोटे क्यों ना हों, सार्वजनिक स्थल पर पैरेंट्स के इस तरह के आचरण से उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचती है। वे बहुत आहत होते हैं। खुद को बेहद अकेला और बेबस महसूस करने लगते हैं। अगर बच्चा ज्यादा चिल्ला रहा है तो उसे कहीं किनारे पर ले जाएं, प्यार से रोकें, अपना व्यवहार संयमित रखें।

बच्चे को बनाएं जिम्मेदार: जब कभी मार्केट में बच्चा किसी सामान को खरीदने की जिद करे और आप यह जिद ना पूरी करें तो घर आकर मौका मिलने पर उसे भरोसे में रखकर उसका सामान ना खरीदने की सही वजह प्यार से बताएं। आपका बच्चा अगर थोड़ा बड़ा और समझदार है, आप उससे कहें कि अगली बार जब वह बाजार साथ जाए तो अपनी एक लिस्ट बना ले कि क्या-क्या सामान लेना है। इससे बच्चे के अंदर एक जिम्मेदारी की भावना आएगी। वह शौक और जरूरतों में फर्क करना सीखेगा। याद रखें, बच्चों को अनुशासित रखने के लिए उनकी इच्छाओं पर नियंत्रण करना जरूरी है। उनकी अच्छी या बुरी आदतों पर परिवार के माहौल पर एक असर पड़ता है। परिवार की खुशहाली के लिए घर का माहौल खुशगवार रहना जरूरी है।

हेयर केयर

शहनाज हुसैन

कॉस्मेटोलॉजिस्ट

ऐसे यूज करें मेथी दाना बाल बनेंगे हेल्दी-शाइनी

सामान्य स्वास्थ्य और विशेष रूप से पाचन संबंधी समस्याओं के लिए मेथी दाना बहुत फायदेमंद होता है। इस बारे में तो आप भी भली-भांति जानती होंगी। लेकिन अगर आप अपने बालों को भी हेल्दी-शाइनी बनाना चाहती हैं तो अपने हेयर केयर रूटीन में मेथी दाना का इस्तेमाल करें। इससे आपके बालों को झड़ने, टूटने और बेजान होने जैसी परेशानी से छुटकारा मिलेगा। मेथी दाने में आयरन, जिंक, हेल्दी फैट और प्रोटीन पाए जाते हैं, जो बालों को हेल्दी बनाने के लिए बेहद जरूरी हैं। इसके अलावा इसमें फॉलिक एसिड, विटामिन-ए, विटामिन-के, विटामिन-सी के साथ ही एंटी फंगल और एंटी इंफ्लेमेट्री एलिमेंट्स भी होते हैं। इससे बाल घने और लंबे बनते हैं। आपको बता दें कि आयुर्वेद में भी बालों की समस्याओं के लिए मेथी दाने के उपयोग की सलाह दी जाती है। अगर आप भी अपने बालों को सेहतमंद और सुंदर बनाना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे तरीकों को अपना सकती हैं।

पतले बालों के लिए: अगर आप चाहती हैं कि आपके पतले बाल लंबे और घने हो जाएं तो मेथी दाने को नारियल के तेल के साथ मिलाएं। आपको आधा कप नारियल के तेल में 2 चम्मच मेथी के दाने डालकर तब तक पकाने हैं, जब तक मेथी दाना लाल रंग का ना हो जाए। इस तेल को ठंडा होने के बाद अच्छी तरह सिर पर मालिश करें ताकि तेल बालों में अच्छी तरह पहुंच जाए। इससे स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा। इससे बाल हेल्दी और मजबूत होंगे।

घने-चमकीले बालों के लिए: अगर आप अपने बालों को घना और चमकीला बनाना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे तरीके को भी आजमाकर देख सकती हैं। मेथी दाने को रात भर के लिए पानी में भिगो दें। इसके बाद इसे ब्लेंडर में पीसकर बारीक पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने स्कैल्प और बालों में लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद बालों को किसी माइल्ड शैंपू से धो लें। कुछ ही दिन में आपके बाल घने, सुंदर और चमकीले नजर आने लगेंगे। अगर आप चाहती हैं कि आपके बाल बेहद चमकीले नजर आएं तो यह तरीका भी आजमा सकती हैं। मेथी दाने को रात भर के लिए पानी में भिगो दें। इस पानी को सुबह बालों पर लगाएं और उसे एक घंटे तक लगे रहने दें। फिर बालों को ठंडे पानी से धो लें। इससे बाल मजबूत होंगे और उनमें चमक आएगी।

डाइट सजेशन

डॉ. रवींद्र गुप्ता

एचओडी-इंटरनल मेडिसिन

सी. के. बिड़ला अस्पताल, गुरुग्राम

अपनी डाइट का ध्यान ना रखने पर कई महिलाओं में विटामिन बी-12 की कमी हो जाती है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए हम बता रहे हैं इसकी कमी के लक्षणों और इसे नियंत्रित करने के उपायों के बारे में।

सही डाइट से होगी दूर विटामिन बी-12 की कमी

अगर आप भी उन महिलाओं में से हैं, जिन्हें अकसर थकान, बदन दर्द और चिड़चिड़ेपन की शिकायत रहती है तो इसकी वजह आपके शरीर में विटामिन बी-12 की कमी हो सकती है। अधिकतर भारतीय महिलाएं अपनी हेल्थ और डाइट के मामले में लापरवाह होती हैं। इसी वजह से उनके शरीर में ब्लड की कमी के साथ विटमिन बी-12 की कमी भी अधिकतर देखने को मिलती है। इसकी कमी तब होती है, जब शरीर को भोजन से पर्याप्त मात्रा में विटमिन बी-12 नहीं मिल पाता है या शरीर उसे अवशोषित नहीं कर पाता है। यह एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है, जो व्यक्ति के शरीर में रेड ब्लड सेल्स, डीएनए और अन्य कोशिकाओं के निर्माण में मददगार होता है। इसकी कमी को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। अगर सही समय पर उपचार ना किया जाए तो इसकी कमी की वजह से नर्वस सिस्टम संबंधी और मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी हो सकती हैं। एनिमल प्रोडक्ट इसका प्रमुख स्रोत है। इसलिए अधिकतर शाकाहारी लोगों में इसकी कमी पाई जाती है। अगर आंतों में अल्सर हो तो शरीर में इसका अवशोषण नहीं हो पाता, इसलिए खून में इसकी कमी हो जाती है।

क्यों है जरूरी: सवाल उठता है कि आखिर विटामिन बी-12 महिलाओं के लिए इतना जरूरी क्यों है? असल में इसका एनीमिया यानी खून की कमी के साथ सीधा संबंध होता है। जिन महिलाओं में इस विटामिन की कमी होती है, उनमें एनीमिक होने का खतरा बढ़ जाता है। प्रेग्नेंसी के दौरान इसकी कमी से प्रीमैच्योर बर्थ, एबॉशर्न और बच्चे में जन्मजात बीमारियों की आशंका भी बढ़ जाती है। महिलाओं की हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए भी बी-12 जरूरी है, इसकी कमी से ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ जाता है। जिन महिलाओं में विटामिन बी-12 की कमी होती है, उनमें मूड स्विंग और डिप्रेशन जैसे लक्षण भी नजर आते हैं।

प्रमुख लक्षण: अगर आपको अकसर बिना किसी वजह से कमजोरी, बदन दर्द और थकान महसूस होती है। पैरों में झनझनाहट होती है और कई बार पैर सुन्न पड़ जाते हैं तो हो सकता है कि आपके शरीर में भी इस विटामिन की कमी हो रही हो। इसके अलावा बेवजह उदासी और चिड़चिड़ापन भी इसके प्रमुख लक्षणों में से एक है। गंभीर स्थिति में इसकी कमी से डिप्रेशन भी हो सकता है।

बचाव-उपचार: आमतौर पर खान-पान के मामले में सजगता बरतते हुए विटामिन बी-12 की कमी को आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। अगर आप वेजीटेरियन हैं तो अपने खान-पान को लेकर बहुत सतर्क रहें। अपनी रेग्युलर डाइट में आप दूध, दही, पनीर, मक्खन और घी को प्रमुखता से शामिल करें। इसके अलावा आप सुबह के नाश्ते में मूसली, बादाम और केले का भी सेवन कर सकती हैं। इनमें अच्छी मात्रा में विटामिन बी-12 मौजूद होता है। अगर आप नॉनवेजिटेरियन हैं तो अंडा, मछली और रेड मीट का सेवन करें। इनमें पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी-12 पाया जाता है। अगर शरीर में इसकी कमी ज्यादा हो तो उसकी पूर्ति के विटामिन बी-12 सप्लीमेंट्स भी डॉक्टर दे सकते हैं। अगर स्थिति ज्यादा गंभीर हो तो व्यक्ति को सप्ताह में एक या महीने में एक बार इसका इंजेक्शन लगाया जाता है।

प्रस्तुति: मनीषा

सलाह

शिखर चंद जैन

कोई पता नहीं किसकी लाइफ में कब, कैसी परिस्थिति आ जाए कि आर्थिक समस्या आ जाए या उसका पैसा कहीं फंस जाए और वह जानकारी के अभाव में परेशानी से घिर जाए। इसलिए मनी मैनेजमेंट से जुड़ी बातें जान लें।

आपके लिए बहुत जरूरी है सीखना मनी मैनेजमेंट के गुर



आजकल शिवानी घर में अकेली रह रही थी। बेटे-बहू जॉब के सिलसिले में विदेश चले गए थे। पति ऑफिस के काम से दो-तीन के लिए बाहर गए थे, लेकिन पता चला कि दो हफ्ते बाद आएंगे। शिवानी को पैसों के लेन-देन में बहुत परेशानी हो रही थी। उन्होंने अपनी पड़ोसन सुधाजी की हेल्प से किसी तरह काम चलाना शुरू किया। सुधा सत्तावन वर्षीया विधवा हैं। उन्हें अपने पैसों का हिसाब-किताब रखना, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल, ऑनलाइन पेमेंट करना सब कुछ आता था। शिवानी की परेशानी को देखते हुए सुधा जी ने उन्हें प्रेम पूर्वक समझाया, 'शिवानी बहन, आप बुरा मत मानिएगा, लेकिन आपको मनी मैनेजमेंट से जुड़ी कुछ बेसिक बातें सीख लेनी चाहिए। बुरा समय कहकर नहीं आता। मुझे ही देखिए, मैं अकेली सब कुछ मैनेज कर लेती हूं। भला मुझे किसका सहारा है। मैं देखती हूं, घर में किसी पुरुष के ना रहने पर आप परेशान हो जाती हैं।' शिवानी ने बेहिचक इस बात को माना कि सुधाजी उन्हें सही सलाह दे रही हैं। इसमें कोई दो राय नहीं, शिवानी ही नहीं हर महिला को मनी मैनेजमेंट से जुड़े कुछ गुर जरूर जान लेने चाहिए।

सरल रखें फाइनेंस का मेंटेनेंस: बहुत बार ऐसा होता है कि महिलाओं के एक नहीं कई बैंक एकाउंट होते हैं। उन्हें यह तक नहीं पता होता कि उनके एकाउंट की स्थिति क्या है? वो एक्टिव हैं भी या नहीं। कभी यह स्थिति ना आने दें। एक ही बैंक अकाउंट रखें या फिर अधिकतम दो। इनमें से हर एक का इस्तेमाल अपनी सुविधा अनुसार अलग-अलग उद्देश्यों के लिए करें। जैसे एक को म्युचुअल फंड, शेयर्स पेंशन आदि से प्राप्त रकम के लिए तो दूसरे में आमदनी के दूसरे स्रोत जैसे किराया, ट्यूशन या अन्य आय के लिए। म्यूचुअल फंड या इक्विटी इंवेस्टमेंट पोर्टफोलियो को भी बहुत भारी भरकम ना बनाएं। सीमित फंड्स या इक्विटीज में ही पैसा निवेश करें ताकि आप आसानी से इन्हें मॉनिटर और मैनेज कर सकें। फिक्स डिपॉजिट या रिकरिंग डिपॉजिट छोटे-छोटे कई ना रखकर, दो-तीन ही रखें।

सीख लें जरूरी एप और तकनीक: आपको अपने बैंक खातों का संचालन, मोबाइल बैंकिंग, ऑनलाइन पेमेंट, डेबिट क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना जरूर सीख लेना चाहिए। इनकम टैक्स रिटर्न समय पर जमा करने के लिए किसी सीए की मदद लेनी चाहिए। उन्हें अपनी आय-व्यय का पूरा ब्यौरा जरूर दें। साथ ही आपको मौजूदा दौर के फ्रॉड, स्कैम जैसी चीजों से भी सावधान रहना चाहिए। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करते समय सावधानी बरतें। ओटीपी या एटीएम पिन भूल कर भी किसी के साथ शेयर ना करें।

पैसे का सदुपयोग करना सीखें: आपको अपने पैसे का सदुपयोग करना सीख लेना चाहिए। बचत खाते में ज्यादा रकम रखना या फिजूल खर्ची करना नुकसानदायक साबित होता है। क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग, लग्जरी के लिए लोन लेना, हर वक्त बाहर से खाना ऑर्डर करना जैसी आदतों से दूर रहें।

ना करें संपन्नता का प्रदर्शन : अगर आप अकेली रहती हैं तो आपको अपनी समृद्धि के प्रदर्शन से विशेष परहेज करना चाहिए। भारी-भरकम गहने, महंगे गैजेट्स आदि का शो ऑफ ना करें। अपने फाइनेंशियल स्टेटस और संपत्तियों का विवरण कभी भी सार्वजनिक ना करें।

समय-समय पर रिव्यू करें

अपनी संपत्ति, बैंक बैलेंस, म्युचुअल फंड इंवेस्टमेंट, इक्विटी में निवेश आदि की 6 या 12 महीने में रिव्यू करें। मार्केट के जानकारों की राय लें। अगर निवेश में कहीं कोई चूक हुई है या ग्रोथ नहीं मिल रही है तो उसे चेंज करने करें। बेहतर होगा कि आप स्वयं भी बिजनेस चैनल देखें, अच्छे अखबार पढ़ें और खुद को अपडेटेड रखें ताकि आप बचत निवेश और कमाई के सही नियम और तरीके सीख सकें। ध्यान रखें, आपको अपने लिए एक मेडिकल इंश्योरेंस प्लान भी जरूर ले लेना चाहिए।